आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुकमनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 267 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

अजमेर, सोमवार, 17 अगस्त, 2026

www.Lokvarta.net

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## प्रगति पथ पर गतिमान राजस्थान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री



**17 अगस्त, 2026 | प्रातः 11:30 बजे | कृषि उपज मण्डी, बारां**

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

## बारां एवं झालावाड़ जिलों के लिए

## ₹1,258 करोड़ के 98 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण

**राजस्थान को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2.89 लाख आवासों के निर्माण हेतु ₹ 4600 करोड़ आवंटित**

पंचायत समिति मुख्यालयों पर स्वीकृत प्रोटोटाइप आवासों का शिलान्यास

लाभार्थियों को नवीन आवास की चाबी का वितरण

### विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण

कन्वर्जेन्स के तहत लगभग ₹2,400 करोड़ के कार्यों को युक्त धारा पोर्टल पर कार्ययोजना में सम्मिलित करना

• प्रमुख कार्य •

अमृत पोषण वाटिका | अमृत ग्रामीण हाट बाजार | ग्रामीण पुस्तकालय
अमृत संजीवनी पार्क | कांजी हाउस पशु आश्रय स्थल | नमो नर्सरी

### डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरण

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना
5 लाख पशुपालकों को ₹280 करोड़

गौशाला अनुदान
751 गौशालाओं को ₹250 करोड़

### महिला उत्थान

स्वयं सहायता समूह की दीदियों को ₹10 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज चेक का वितरण

राजस्थान महिला निधि की लखपति दीदी ऋण योजना अंतर्गत 957 लखपति दीदियों को ₹8 करोड़ के चेक का वितरण

राजस्थान महिला निधि की समर्थ सखी योजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को स्कूटी वितरण

"सशक्त सीएलएफ, समृद्ध दीदी डिजिटल अभियान-2026" का शुभारंभ

ग्राम श्री राजसखी मार्ट 11.77 लाख, बारां का शुभारंभ

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

CMYK

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया ध्वजारोहण मार्च पास्ट की ली सलामी, प्रतिभाओं का किया सम्मान

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 80वें स्वाधीनता दिवस समारोह में अजमेर के पुलिस लाइन मैदान में ध्वजारोहण किया। उन्होंने यहां मार्चपास्ट की सलामी लेने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 87 व्यक्तियों, संस्थाओं व अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन डॉ. अभिषेक गोयल द्वारा किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमने केवल आजादी नहीं पाई थी बल्कि एक ?से भारत के निर्माण का संकल्प लिया था, जहां हर नागरिक को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने का अधिकार मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास विकास की कार्यशैली बन चुका है। भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारे (जीवाईएएन) गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी है। गरीब का सम्मान, युवा का आत्मविश्वास, किसान की शक्ति और नारी का नेतृत्व-यही नए भारत की पहचान बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब योग को वैश्विक पहचान मिली है। निर्यात, निवेश और औद्योगिक वातावरण को बढ़ावा मिला। मेक इन इंडिया के तहत हथियारों से



लेकर आधुनिक तकनीक तक भारत में निर्माण को बल मिला। जी20 जैसे वैश्विक आयोजनों की सफलता ने भारत की नेतृत्व क्षमता को स्थापित किया है। डिजिटल टेक्नोलॉजी, अन्तरिक्ष और चिकित्सा के क्षेत्र में भारत ने नई उपलब्धियां हासिल की है। वहीं शिक्षा और कौशल के माध्यम से युवा शक्ति को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि देश में न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आईपीसी में बदलाव किया जाकर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू किया गया। वहीं वंदे मातरम के सम्मान को स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 पारित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण को नई उडान मिली। निशक्तजनों के सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दिया गया। हमारे धार्मिक एवं तिहासिक स्थलों के विकास और संरक्षण से आस्था के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिला है। हमारे बुजुर्गों के सम्मान एवं कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार किया। हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें अन्त्योदय तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि आज गांवों तक सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता, और पक्के घर पहुंच रहे है। भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारी सेनाएं सशक्त है, हमारे खिलाड़ी तिरंगे का मान बढ़ा रहे है। वोकल फॉर लोकल, अपने संस्कारों और संस्कृति पर गर्व, नए स्टार्टअप, स्वरोजगार हर देशवासी की ताकत बन रहे हैं। विशाल स्तर पर मनाए जा रहे हमारे तीज, त्यौहार, परम्पराएं, मेले, उत्सव ग्लोबल लेवल पर समाज की प्रेरणा बन रहे है। विकास के साथ गुणवत्ता भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को लेकर सरकार सुशासन, पारदर्शिता को अपनाते हुए कार्य कर रही है। राजस्थान विकास की नई संभावनाओं का प्रदेश बन रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन में जन सहभागिता से विकास तीव्र गति से होगा। विकसित भारत तभी बनेगा जब देश का हर नागरिक अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन करेगा। आज जब हम अपने बच्चों को तिरंगे को नमन करते और देश की संस्कृति को प्रस्तुत करते देखते है, तो विश्वास होता है कि यही बच्चे भारत का उज्ज्वल भविष्य है। इस तिरंगे की छांव में हम यह सुनिश्चित करें कि विकसित भारत केवल लक्ष्य नहीं हमारी सामूहिक होगी।

**पुलिस एवं होमगार्ड की प्लाटून ने की परेड** समारोह में परेड कमांडर उप अधीक्षक गोमाराम के नेतृत्व में परेड की गई। सीआरपीएफ पुरूष प्लाटून के दल का नेतृत्व उपनिरीक्षक प्रदीप ने किया। राजस्थान पुलिस पुरूष प्लाटून का नेतृत्व उप निरीक्षक राकेश कुमार ने किया। इसी प्रकार उपनिरीक्षक दिलीप मुक्कड़ ने राजस्थान पुलिस महिला कालिका प्लाटून, पीसी रणवीर सिंह हाडीरानी महिला प्लाटून, उप निरीक्षक विकास ओजवानी ने होमगार्ड पुरूष प्लाटून, सुभानन्द कुमार ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल स्काउट प्लाटून, फाल्गुनी शेरा ने हरिसुन्दर बालिका स्कूल गाइड की प्लाटून का, धीरेन एवं अर्पिता ने एमपीएस स्कूल चाचियावास ने तथा अन्वी बोयल ने हिन्दुस्तान स्काउट गाईड से नेतृत्व किया। राजस्थान पुलिस के बैंड ने अशोक कुमार थापा के निर्देशन में देशभक्ति पूर्ण धुनें प्रस्तुत की। हरिसुन्दर बालिका स्कूल बैण्ड का नेतृत्व रागिनी सामरिया, गुरूकुल स्कूल बैण्ड का नेतृत्व तुषार, एचकेएच स्कूल बैण्ड का वंश गुर्जर, सेन्ट स्टीफन बैण्ड का सरदीप, सेन्ट पॉल स्कूल बैण्ड का जतिन मिरानी एवं सोफिया स्कूल बैण्ड का नेतृत्व तान्या शर्मा ने किया। सेंट स्टीफन के विद्यार्थियों के द्वारा ड्रम्स कुल्स की प्रस्तुति दी गई। **हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कृष्णगंज के संयोजन में 210 से अधिक छात्राओं का सामुहिक नृत्य का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें गीत समुच्च पर शानदार प्रस्तुति दी गई। इसमें सावित्री राजकीय बालिका विद्यालय, केन्द्रीय बालिका विद्यालय, ईस्ट पॉइन्ट, ख्वाजा मॉडल बालिक स्कूल, वृदांवन पब्लिक स्कूल, राजकीय मॉडल स्कूल, महाराजा अग्रसेन एवं एचकेएच की बालिकाओं ने भाग लिया। **किया व्यायाम प्रदर्शन** समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक व्यायाम का प्रदर्शन किया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के 504 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें सावित्री राजकीय बालिका विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदडा, ईस्ट पॉइन्ट, राजकीय मॉडल स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीरशाहअली, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाईन, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहाखान, कृष्ण गंज, पुरानी मण्डी, फॉयसागर, लॉरेन्स एण्ड मेयो, सेन्ट स्टीफन, महाराजा अग्रसेन एवं एचकेएच की बालिकाओं ने भाग लिया। **सेनानियों का हुआ सम्मान** मुख्य समारोह में स्वतंत्रता सैनानी श्री शोभाराम गहरवार एवं सैनानियों के परिजनों और उनके आश्रितों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनिता भदेल, श्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश भडाणा, संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. रवि, पुलिस अधीक्षक श्री हर्ष वर्धन अगरवाला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राम प्रकाश, दैनिक नवज्योति के प्रदान सम्पादक श्री दीनबन्धु चौधरी, सरिता गेना, श्री रमेश सोनी, श्री जीतमल प्रजापत, डॉ. अरविन्द गिरधर शर्मा सहित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एचएमटी श्रमिक संघ अजमेर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, एम. रईस खान ने किया ध्वजारोहण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** एचएमटी श्रमिक संघ अजमेर कार्यालय, ब्यावर रोड पर शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का समारोह देशभक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंटक जिला अध्यक्ष अजमेर मोहम्मद रईस खान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ,



जिसके बाद ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोहम्मद रईस खान ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने श्रमिकों से एकजुट होकर देश और समाज की प्रगति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष कैलाश रावत एवं महामंत्री कुणाल अरोड़ा ने भी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए संगठन की एकता और श्रमिक हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में संरक्षक कैलाश मीणा, सांवरलाल जी, गोविंद जी, धीरज झा, भूपेंद्र टांक, अशोक, अमित कुमार, राजेश रावत, महावीर, अफ़ज़ल खान, लेखराज,नवल किशोर,शौकीन खान उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने राष्ट्रगान में सहभागिता की तथा उपस्थित लोगों को अल्पाहार वितरित किया। कार्यक्रम में संघ से जुड़े कर्मचारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस मुख्यालय में ध्वजारोहण, शहीदों को किया नमन

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 80वां स्वतंत्रता दिवस जिला कांग्रेस मुख्यालय पर हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने की। सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रगान के साथ देश की आजादी का जश्न मनाया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं।

उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव और देश की एकता-अखंडता की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व विधायक डॉ. गोपाल बाहेती, अजमेर उत्तर कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता, द्रौपदी कोली, संगठन महासचिव महेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष फखरे मोईन, विवेक पाराशर, नौरत गुर्जर, गजेंद्र रलावता, ईश्वर टहल्यानी, चंद्रशेखर बालोटिया,



शैलेंद्र अग्रवाल, चंदन सिंह, लक्ष्मी धौलखेड़िया, वाहिद मोहम्मद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी बुंदेल, ईश्वर राजोरिया, नितिन जैन, सेवादल अध्यक्ष देशराज मेहरा, कुशाल कोमल, हस्ब्ठ अध्यक्ष अंकित घारू, अमित गर्ग, गीता गुर्जर, मुकेश ढेनवाल, चंद्रेश सुनिया, मनीष सैन, अशोक सुक्रिया, भरत धोलखड़िया, राजेश गोरा, सुरजीत कपूर, गुरुदत्त गोरा, देवेंद्र चौधरी, वासदेव चांदवानी, अपूर्व गुप्ता फ्यूम खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने देश की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## आगरा गेट पुलिस चैकी प्रभारी शिवलाल व अजमरे व्यापारिक महासंघ प्रतिनिधियो ने किया ध्वज पूजन

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** रद्दि सिद्दि के दाता गणेश भगवान जी के पूजन से शुभारमभ किया गया प्रत्येक कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होता है। उपरोक्त विचार प्राचीन गणेश मन्दिर आगरा गेट के पण्डित आचार्य घनश्याम ने आगरा गेट व्यापारिक ऐसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वज के पूजन करवाने के अवसर पर व्यक्त किये।आगरा गेट पुलिस चैकी प्रभारी शिवलाल ने ध्वजारोहण किया ओर सबको राष्ट्रीय कार्यक्रम को समारोह पूर्वक धर धर झण्डा कार्यक्रम के रूप में मनाने की बात कही। अध्यक्ष सुरेश तम्बोली ने बताया कि राष्ट्रीय गान अजमेर व्यापारिक महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में सावधान की स्थिति में गाया गया। राष्ट्र ध्वज का पूजन करके सलामी देने वालो अजमेर व्यापारिक महासंघ की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी पत्रकार प्रवीण कुमार, विज्ञान नगर व्यापारिक ऐसोसिएशन के श्याम लाल सोनी, भैंसा काम्प्लेक्स के अध्यक्ष किशन पारीक,नया बाजार व्यापारिक ऐसोसिएशन की कुशाल जैन, आगरा गेट के सचिव राजेन्द्र पोखरना सहित अनेक अन्य अगरा गेट व्यापारिक ऐसोसिएशन और अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति राष्ट्रनिर्माण और विकसित भारत के संकल्प के साथ मनाया गया

### क्या हम केवल स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं या विकसित भारत के निर्माता भी : प्रो. आनंद भालेराव

**बाँदरसिंदरी (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारत का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस वर्ष प्रथम बार परेड में एनसीसी के कडेट्स ने भी मार्च किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं असंख्य बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन केवल शहरों तक सीमित नहीं था, बल्कि देश के प्रत्येक जन की सहभागिता वाला व्यापक जनआंदोलन था। उन्होंने कहा कि आज हमें स्वयं से पूछना होगा कि 'क्या हम केवल स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं या विकसित भारत के निर्माता भी' 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प ही विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा। युवा शक्ति की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'जब हम युवाओं को अवसर देते हैं, तो युवा नया इतिहास रचते हैं।' उन्होंने रक्षा प्रौद्योगिकी एवं जैसे स्वदेशी प्रयासों को आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती क्षमता का उदाहरण बताया तथा खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों को करोड़ों भारतीयों के संकल्प की विजय बताया। उन्होंने कहा कि जब के विद्यार्थी एवं शोधार्थी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो वे पूरे देश का मान बढ़ाते हैं। प्रो. भालेराव ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक, तकनीकी या खेल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि चरित्र, नैतिकता और संस्कारों से होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और अपनी ऊर्जा राष्ट्रनिर्माण में लगाने का आह्वान किया। नशामुक्त भारत का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि 'नशे को ना, जीवन को हाँ' प्रत्येक युवा के जीवन का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने, तथ्यों को समझने और विवेकपूर्ण निर्णय लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पहचान केवल आंदोलनों से नहीं, बल्कि ज्ञान, चरित्र और संस्कारों से बनती है। समारोह के दूसरे चरण में कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत रक्त चंदन का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने सामूहिक सहभागिता के साथ 1001 पौधे लगाने के मिशन को आगे बढ़ाया। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में विश्वविद्यालय में तैयार की गई



हरित जैविक खाद का भी कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को वितरण किया गया। कुलपति ने सभी से पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया। कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने यात्रा का नेतृत्व किया। विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देशभक्ति के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा ने पूरे परिसर को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के संकल्प से सराबोर कर दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-भदलिया**
**पंचायत समिति-मौलासर**

क्रमांक : 203 दिनांक : 13.08.2026

**निविदा सूचना-02/2026-27**

ग्राम पंचायत भदलिया द्वारा वार्षिक दर अनुबंध पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति (नरेगा/VBGRAM-G) हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

**NIB No.**-ZNR2627A0810
**UBN No.**-ZNR2627GLRC01040

प्रशासक/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-भदलिया
पंचायत समिति, मौलासर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/26-27/511 दिनांक : 14.08.2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुमन कुमार जैन पुत्र श्री कमल निवासी नवरंग नगर, ब्यावर ने राजस्व ग्राम ठीकराना मेन्द्रातान के खसरा संख्या 292 से 306, 308 से 316, 329 से 341 में स्थित सांईनाथ नगर के भूखण्ड संख्या 08 कुल क्षेत्रफल 426.66 वर्गगज भूमि का वाणिज्यिक फी होल्ड पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नही होगी। **सीमाएं (साईट प्लान के अनुसार)**

**पूर्व** : प्लॉट नं. 07 **पश्चिम** : रोड 60 फीट
**उत्तर** : प्लॉट नं. 09 **दक्षिण** : रोड 120 फीट

आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

ADVT

**कार्यालय ग्राम पंचायत-लादड़िया**
**पंचायत समिति-मौलासर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक:ग्रा.पं./निविदा/2026-27/67 दिनांक : 14.08.2026

**निविदा सूचना-05/2026-27**

ग्राम पंचायत लादड़िया, पंचायत समिति मौलासर में करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

**NIB No.**-ZNR2627A0829
**UBN No.**-ZNR2627WSOB01061

प्रशासक — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-लादड़िया — ग्राम पंचायत-लादड़िया
पंचायत समिति, मौलासर — पंचायत समिति, मौलासर

**कार्यालय कार्यक्रम (महात्मा गांधी नरेगा) एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति मौलासर नागौर (राज.)**

क्रमांक : पसमो/नरेगा/लेखा/2026-27/515
दिनांक : 14/08/2024

**खुली निविदा सूचना**

इस पंचायत समिति कार्यालय में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत आवश्यक कार्यालय सामग्री (यथा कम्प्युटर, प्रिंटर, इन्वर्टर) आपुर्ति हेतु सम्बंधित सामग्री के प्रतिष्ठित आपुर्तिकर्ताओं, व्यवसाईयों से निर्धारित दिनांक एवं समय तक निर्धारित प्रारूप में दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत शर्त कार्यालय समय में देखी जा सकती है व निविदा फार्म के साथ उपलब्ध रहेगी तथा निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर भी देखा जा सकता है।

**UBN.NO. ZNR2627GSOB01060**

कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास
अधिकारी पंचायत समिति, मोलासर

आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 267 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

अजमेर, सोमवार, 17 अगस्त, 2026

www.Lokvarta.net

### अमित शाह का निम्बाहेड़ा और अलवर दौरा.....

# सहकारिता से हर गांव हो रहा समृद्ध-अमित शाह

**प्रधानमंत्री किसानों और पशुपालकों के लिए हर साल ला रहे नई योजना**

## डबल इंजन की गति और शक्ति से राजस्थान के हर कोने तक पहुंच रहा विकास-भजनलाल शर्मा

## प्रदेश के 17 जिलों को मिली 6,453 करोड़ के 954 विकास कार्यों की सौगात




**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि सहकारिता के माध्यम से देश का हर गांव समृद्ध हो। सहकार से समृद्धि के उनके मंत्र को चरितार्थ करते हुए हम हर गांव को समृद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पूर्ण विकसित बनाना है तो युवा, गरीब, अन्नदाता और महिला को सशक्त करना होगा। आज इन वर्गों के उत्थान की अवधारणा 'ज्ञान' अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को अलवर के विजयनगर ग्राउंड में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं और पशुपालकों के लिए डेयरी की सुविधाएं तथा युवाओं को नौकरी की सौगात दी गई है। साथ ही, 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी प्लांट का शिलान्यास किया गया है। भविष्य में इसकी क्षमता को 5 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इससे पशुपालक परिवारों की आर्थिक तरक्की सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि को-ऑपरेटिव और डेयरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीब पशुपालक के जीवन को बदलने के साथ ही नई पीढ़ी के लिए संभावनाओं के द्वार खोलने की ताकत रखती है। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां की 33 लाख महिलाओं ने 100 रुपये निवेश किए और वहां आज 33 डेयरी प्लांट चल रहे हैं, जिनका टर्नओवर सवा लाख करोड़ रुपये है।

**हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को किया जा रहा मजबूत** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार डबल इंजन की गति और शक्ति से राजस्थान के हर कोने तक विकास पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज प्रदेश के 17 जिलों को 6 हजार 453 करोड़ रुपये के 954 विकास कार्यों की सौगात मिली है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राजस्थान के हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और विकास की गति को तेज करना है। यह कदम प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में राजस्थान की सहभागिता को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में दशकों से लंबित यमुना जल समझौते को मुकाम तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके लिए राजस्थान हमेशा उनका ऋणी रहेगा। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा, नई शक्ति, नई दिशा और नया विश्वास मिला है। विशेष रूप से सहकारी डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने, दूध खरीद बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों और मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए श्वेत क्रांति 2.0 एक महत्वपूर्ण पहल है। अलवर में सरस डेयरी के नए प्लांट का शिलान्यास इसी विश्वास को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस आधुनिक प्लांट के निर्माण से दूध के प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ेगी, दुग्ध उत्पादकों को बेहतर बाजार मिलेंगे।

**भूगोर तिराहे का नाम अब कप्तान छुट्टनलाल मीणा चौक** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट और कैटल फीड प्लांट का लोकार्पण भी किया गया है।

आज प्रदेश के किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी किश्त के रूप में 667 करोड़ रुपये से अधिक की राशि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 152 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी की गई है। साथ ही, 10 हजार 548 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।

### किसान, पशुपालक एवं युवाओं को मिली सौगात

इस दौरान केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने किसान सम्मान निधि योजना की छठी किस्त के तहत 66 लाख 74 हजार से अधिक किसानों के खातों में करीब 667 करोड़ रुपए एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 152 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। उन्होंने नए केन्द्रीय सहकारी बैंकों के गठन के साथ प्रदेश के 17 जिलों में 6 हजार 453 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अलवर सरस डेयरी के नवीन प्लांट का शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट एवं कैटल फीड प्लांट का लोकार्पण किया।

### हर गांव में सहकारी समिति का लक्ष्य

**केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि राजस्थान में वर्तमान में 44 हजार सहकारी समितियां हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव में सहकारी समिति हो। प्रदेश में 500 मीट्रिक टन के 200 गोदाम बनाए जा रहे हैं और 50 नए गोदाम और स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए हर साल एक नई योजना की सौगात दे रहे हैं।**

### 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

## जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर-शाह

**अटलजी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को रहा समर्पित**

**नए आपराधिक कानूनों से न्याय व्यवस्था में आ रहा व्यापक सुधार-मुख्यमंत्री**




**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। वे बाल्यकाल से ही राष्ट्रभक्ति के रास्ते पर चले। 40 साल तक विपक्ष में रहने और हर प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद राष्ट्रभक्ति का सिद्धांत ही उनके जीवन का आधार रहा। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास को लेकर कई बड़े फैसले किए। पूरे विश्व के दबाव के सामने ना झुकते हुए उन्होंने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत 1 हजार 500 गांवों को हर घर नल से जल की सौगात दी गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी देश के महान नेता थे। उनके कुशल नेतृत्व में द्वितीय परमाणु परीक्षण और 1999 के कारगिल युद्ध की जीत ने भारत की छवि को दुनियाभर में मजबूत किया। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से भारत को एक स्वाभिमानी और सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाजपेयी जी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में घोषित किया।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब- किसानों का खनौरी बॉर्डर पर पक्के मोर्चे का ऐलान

**लुधियाना।** पंजाब से दिल्ली जा रहे 55 किसानों को खनौरी-दाता सिंहवाला बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने रोक दिया है। इसके बाद किसानों की जींद डीसी वैशाली शर्मा के साथ दो बार मीटिंग हुई। हालांकि, इसमें कोई हल नहीं निकला। इसके बाद किसानों ने पक्के मोर्चे का ऐलान कर दिया। किसान पंजाब की साइड धरने पर बैठ गए हैं। हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, कंटीली तार, कंक्रीट ब्लॉक और कंटेनर लगाकर रास्ता बंद किया हुआ है। भारी पुलिस बल तैनात है।

### पांच बार के विधायक ने टीएमसी ऑफिस में फांसी लगाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

## देश में भारी बारिश से नदियां उफान पर

### चमोली में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ हाईवे बंद





**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। गंगा, यमुना और शारदा समेत 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। इससे यूपी-एमपी को जोड़ने वाला पुल डूब गया है। पानी कॉलोनियों और घरों तक पहुंच गया है। उत्तराखंड के चमोली में शनिवार देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण बाजपुर के पास पहाड़ का एक हिस्सा खिसक गया। जिससे बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया। हिमाचल में 30 जून से 15 अगस्त के बीच मानसून से जुड़ी घटनाओं में 183 लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार शाम 5 बजे तक राज्य में 103 सड़कें बंद थीं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एक सरकारी रेजिडेंशियल स्कूल के कैंपस में बाढ़ का पानी घुसने से लगभग 400 छात्र फंस गए। इनमें 150 लड़कियां भी शामिल हैं। ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बच्चों को दूसरे रेजिडेंशियल स्कूल में पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसके लिए मोटर बोट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**जम्मू-कश्मीर के भलेसा भारी बारिश** भारी बारिश से भलेसा-गंदोह में भारी बारिश हो रही है। इससे सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का नया क्षेत्र बनने के बाद आईएमडी ने कुछ इलाकों में बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसके बाद ओडिशा सरकार ने रविवार को पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया। लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी रहने से बाढ़ प्रभावित उत्तरी जिलों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं

## वाराणसी एयरपोर्ट पर गोली चली, 2 कर्मचारी घायल

**वाराणसी/ आजमगढ़।** वाराणसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री से गोली चल गई। इससे महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस की IX-1810 फ्लाइट से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने विमान में ले जाने वाले हथियार को पहले ही डिक्लेयर किया था। हथियार की जांच के दौरान उससे एक राउंड फायर हो गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमलेश के पास से पिस्टल समेत 21 कारतूस मिले। करीब 5 घंटे तक पूछताछ के बाद फूलपुर पुलिस उन्हें थाने ले गई।

## निकाय चुनाव से पहले 41 नगर पालिका अधिकारियों का ट्रांसफर

### 24 एपीओ अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निकाय चुनाव से पहले स्वायत्त शासन विभाग ने 41 नगर पालिका अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं। लंबे समय से एपीओ यानी अवेटिंग पोस्टिंग ऑर्डर चल रहे अधिकारियों को विभाग की ओर से नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि 11 अधिकारियों को एपीओ किया गया है।

**24 एपीओ अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग** ट्रांसफर लिस्ट में 24 ऐसे अधिकारी शामिल हैं, जो लंबे समय से एपीओ चल रहे थे। विभाग ने इन अधिकारियों को अलग-अलग नगरीय निकायों में आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और राजस्व अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर पदस्थापित किया है।

इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद संबंधित नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में प्रशासनिक कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों पर भी अधिकारियों की नियुक्ति हो सकेगी।

स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश में नगर पालिका सेवा के अलग-अलग स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इनमें वरिष्ठ आयुक्त, आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और राजस्व अधिकारी स्तर के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। विभाग ने प्रशासनिक जरूरत और विभिन्न नगरीय निकायों में उपलब्ध पदों के आधार पर अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी हैं।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

**धूमधाम से मना 15 अगस्त, उत्साह दिखा चारों और**
**आजादी का मतलब समझ गए, अधिकारों पर कर रहे गौर**
**दमन अत्याचार नहीं सहेंगे, नहीं चिकनी चुपड़ी बात**
**मनमासिक राज नहीं चला तो, जनता दे देगी सीधी घात**

..मुखिया जी

## सरकार के खिलाफ खड़े होने वालों की तारीफ हो-राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर छात्रों से बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। इन छात्रों ने पिछले महीने पेपर लीक के मुद्दे पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।राहुल और छात्रों के बीच यह बातचीत 5 अगस्त को हुई थी, लेकिन इसका वीडियो उन्होंने आज शेयर किया है।

## बंगाल में कांग्रेस नेता की हत्या, बेटे को भी मारा

### 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में स्वतंत्रता दिवस की रात कांग्रेस नेता अनीसुर रहमान और उनके बेटे की हत्या कर दी गई। घटना बेथुआडहरी रेलगेट के पास हुई। शनिवार रात अनीसुर अपने बेटे के साथ कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर अंधाधुंध फायरिंग की। इसके बाद कार का गेट खोलकर दोनों पर धारदार हथियारों से हमला किया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अनीसुर रहमान प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य और नादिया जिला कांग्रेस के महासचिव थे। जबकि उनका बेटा अबू सुफियान कल्याणी से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें हरनगर से टीएमसी की पंचायत हेड फातिमा बीवी और साहेब अली मंडल और मिथुन शेख शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि हत्या में टीएमसी के नेता जुबेर शेख का हाथ है।

## पीएम मोदी ने लालकिले से विकसित भारत 2047 का रोडमैप पेश किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण, शिक्षा, खेल, नागरिक सुरक्षा, सेमीकंडक्टर निर्माण, परमाणु ऊर्जा और महिला नेतृत्व वाले विकास को शामिल करने वाली कई योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए अपना रोडमैप भी प्रस्तुत किया। मोदी ने 2047 तक भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य भी रखा। उन्होंने अधिक सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की योजनाओं की घोषणा की और कहा कि सरकार छह करोड़ ''लखपति दीदियां'' बनाने का लक्ष्य रखेगी, जो उसके पहले के लक्ष्य से दोगुना है। इन घोषणाओं को सुधारों में तेजी लाने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अगले पांच से सात वर्षों में वह हासिल करना होगा, जिसे वह पिछले पांच से सात दशकों में हासिल नहीं कर सका।मोदी ने घोषणा की कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'आज का दौर एआई, क्वांटम तकनीक, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर का है।'

### लाल किले पर 80वें स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा वंदे मातरम्

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को देशभक्ति की भावना और बहुस्तरीय सुरक्षा के बीच यहां लालकिला परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। लालकिले पर समारोह के दौरान पहली बार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' गाया गया। इस अवसर पर सेना के एक बैंड ने 'वंदे मातरम्' की धुन बजाई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और फिर राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रगान की प्रस्तुति 1721 फील्ड बैटरी के गनर द्वारा स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करते हुए 21 तोपों की सलामी के साथ तालमेल बिठाकर की गई।

CMYK

# हुक्मनामा समाचार

## सम्पादकीय...

### लाल किले से विकसित भारत का संकल्प



देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए विकसित भारत के निर्माण का अपना संकल्प एक बार फिर सामने रखा। प्रधानमंत्री का जोर केवल उपलब्धियों के उल्लेख तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने आने वाले वर्षों के लिए भारत की दिशा और प्राथमिकताओं का खाका भी प्रस्तुत किया। उनके भाषण में आत्मनिर्भरता, युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी क्षमता, विनिर्माण, रक्षा उत्पादन, कृषि, आपदा से निपटने की क्षमता और भारत की सांस्कृतिक शक्ति जैसे विषय प्रमुख रहे। इस बार उनके संबोधन में सामाजिक और वैचारिक चुनौतियों को लेकर भी तीखी चिंता दिखाई दी। उन्होंने संसद में पारित महिला आरक्षण कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलना समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को अपने संबोधन के केंद्र में रखा। उन्होंने कहा कि आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक भारत को विकसित देश बनाना है और देश इस लक्ष्य को हासिल करके रहेगा। उनके अनुसार केवल लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि काम करने की गति और कार्य संस्कृति में भी बदलाव आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन कार्यों को पूरा करने में पिछले पांच से सात दशक लग गए, उन्हें आने वाले पांच से सात वर्षों में पूरा करने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई वस्तुएं सस्ती, आसानी से और तेजी से उपलब्ध हो सकती हैं, लेकिन केवल आयात पर निर्भर रहने से देश की अपनी क्षमता विकसित नहीं होती। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कई देश अपने संसाधनों और आपूर्ति व्यवस्था का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए कर रहे हैं। पेट्रोलियम, खाद और दवाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी वैश्विक राजनीति से प्रभावित हो सकती है। ऐसे समय में भारत के लिए आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित और सुरक्षा का विषय भी है। उन्होंने कहा कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। उनका संदेश था कि संकटों से घबराने के बजाय देश को अपनी क्षमता बढ़ाकर उनका सामना करना चाहिए। यही आत्मविश्वास विकसित भारत की यात्रा का आधार बनेगा। लाल किले से प्रधानमंत्री का संबोधन मूल रूप से आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और तेज विकास की त्रयी पर केंद्रित दिखाई दिया। उन्होंने देश को बड़े सपने देखने और बड़े संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से 2047 के विकसित भारत की तस्वीर सामने रखते हुए यह संदेश दिया कि आने वाले वर्ष निर्णायक होंगे। अब चुनौती यह है कि आत्मनिर्भरता, तकनीकी विकास, महिला भागीदारी, युवा शक्ति और सामाजिक समरसता से जुड़े इन संकल्पों को धरातल पर कितनी प्रभावी गति मिलती है। *वैभव लोढ़ा...*

## क्रॉस फायर

❏ईरान से समझौते को लेकर खड़ी देश राष्ट्रपति ट्रंप से नाराज़।

◆दुनिया में इनसे खुश कौन है।

❏इसराइली प्रधानमंत्री नेता नेतन्याहू चुनावी सर्वे में पिछड़े।

◆चुनाव जीतने के लिए भारत से नेताओं को बुला लो।

❏अमित शाह बोले सोनिया जी आपके पाप को जनता माफ नहीं करेगी।

◆अपने पाप की भी सोचो।

❏तेलंगाना के मुख्यमंत्री का आरोप सरकार गिराने के लिए बीआरएस ने तंत्र-मंत्र कराया।

◆इस बार तो खुद के पैसे खर्च किए।

❏पूर्व मंत्री चिदंबरम बोले दिमागी नक्सली होने पर उन्हें गर्व।

◆जनता तो हालात से नक्सली बन रही है।

❏राजस्थान में तैयार होगा पहले पैसेंजर ड्रोन।

◆राजस्थान की बल्ले बल्ले।

❏प्रदेश भर में पार्षदों की सोमवार को खुलेगी लॉटरी।

◆फिर तो लोग सपने लेने लग जाएंगे।

❏ सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल बोले मोदी नफरत फैला कर विश्व गुरु बनना चाहते हैं।

◆सबका अपना-अपना तरीका।

.............*अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

**सोमवार 17 अगस्त, 2026**

**मेष राशि:** व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। अधिक लोभ, लालच न करें अन्यथा बने काम हाथ से निकल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

**मिथुन राशि:** अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदेही बढ़ने वाली है। संतान पर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क राशि:** बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे हैं। व्यापार विस्तार में आर्थिक सहयोग लेना पड़ेगा।

**सिंह राशि:** अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी। आज भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या राशि:** आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे। किसी के सहयोग से समस्या का समाधान होगा।

**तुला राशि:** आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रुपरेखा बनेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्य विस्तार के लिए उचित मार्गदर्शन लेना होगा।

**वृश्चिक राशि:** आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा। दिखावे एवं आडंबरों से बचे।

**धनु राशि:** नौकरी में पदोन्नति एवम् तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि:** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कुम्भ राशि:** अपने राजनितिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है। सामाजिक कार्यों में खर्च होगा।

**मीन राशि:** अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहारकुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे। अनायास धन प्राप्ति की संभावना बन रही है। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**– अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# नाग पंचमी : प्रकृति के प्रति सम्मान और सह-अस्तित्व का पर्व



**सुनील कुमार महला**

भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है–नाग पंचमी। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में नाग पंचमी का पावन पर्व 17 अगस्त (सोमवार) को मनाया जाएगा। जानकारों के अनुसार सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 16 अगस्त को दोपहर 4:52 बजे से शुरू होकर 17 अगस्त को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी, और उदया तिथि के कारण यह त्योहार 17 अगस्त को ही मनाया जाएगा। इस दिन नाग की पूजा की जाती है। दरअसल,नागों( सर्पों ) को प्रकृति, शक्ति, सुरक्षा, उर्वरता और पर्यावरणीय संतुलन के प्रतीक माना गया है। इस पर्व का धार्मिक महत्व है। भगवान शिव ने अपने गले में नाग धारण कर रखा है, उनके गले में नाग का विराजमान होना उनके प्रकृति और समस्त जीव–जगत के साथ सामंजस्य का प्रतीक माना जाता है।

भगवान विष्णु की शेषनाग पर शयन मुद्रा भी नागों के धार्मिक महत्व को दर्शाती है। इस दिन नाग देवता की पूजा कर परिवार की सुख–समृद्धि, सुरक्षा और कल्याण की कामना की जाती है। जीव–जंतुओं का भारतीय संस्कृति में हमेशा हमेशा से महत्वपूर्ण व अहम् स्थान रहा है और जीव–दया, जीवों के प्रति करूणा, सह–अस्तित्व की भावना हमारे देश की संस्कृति रही है। नाग या सर्प खेतों में चूहों जैसे कृंतकों की संख्या नियंत्रित करके फसलों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए सर्पों को किसान का मित्र कहा जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सर्प विभिन्न जीवों की आबादी को नियंत्रित करके खाद्य–श्रृंखला(फूड चेन) को संतुलित रखते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र और जैव–विविधता को बनाए रखने में सर्पों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि,यह बात अलग है कि सर्प स्वयं भी बाज, उल्लू, नेवला, मोर और अन्य जीवों के भोजन का हिस्सा हैं। इसलिए उनका अस्तित्व खाद्य–जाल की अनेक कड़ियों को प्रभावित करता है। प्रकृति का अपना एक सिस्टम है और इस सिस्टम में हर छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जीव की अपनी भूमिका व महत्व है और सर्प भी उनमें से एक है, लेकिन आज सर्पों को मार दिया जाता है,यह ठीक नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो सर्पों से भय के कारण उन्हें मार देना पर्यावरणीय दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। यदि हम सर्पों को मारेंगे तो धरती पर चूहों और कृंतकों की संख्या बढ़ सकती है, फसलों पर दबाव बढ़ सकता है, जैसा कि चूहे और अन्य कृंतक बीज, अनाज और पौधों को अधिक नुकसान पहुँचा सकते हैं। सर्प नहीं होंगे तो इससे हमारी खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो जाएगी, क्यों कि सर्प मोर, नेवला और अन्य शिकारी पक्षियों का भोजन हैं,जो पर्यावरण और प्रकृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सर्प नहीं होंगे तो हमें चूहों व अन्य कृंतकों से फसलों को बचाने के लिए रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स , दवाओं का इस्तेमाल करना पड़ेगा, जिससे रासायनिक उपायों पर निर्भरता बढ़ सकती है, इसलिए इनको बचाना,इनका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर वर्ष अनुमानतः 58 हजार लोगों की मृत्यु सर्पदंश से होती है, जिससे भारत विश्व में सर्पदंश मृत्यु के सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है; हालांकि उपचार एवं मृत्यु के मामलों की कम रिपोर्टिंग के कारण वास्तविक आंकड़ा अलग हो सकता है, लेकिन बावजूद इसके हमें यह याद रखना चाहिए कि सर्प प्रकृति के महत्वपूर्ण प्रहरी हैं। जैसा कि ऊपर इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि वे चूहों और अन्य कृंतकों की संख्या नियंत्रित कर खेतों तथा खाद्यान्न की रक्षा करने में सहायता करते हैं और खाद्य–श्रृंखला को संतुलित बनाए रखते हैं। सर्प स्वयं भी अनेक पक्षियों और वन्यजीवों के भोजन का हिस्सा हैं, इसलिए उनका संरक्षण जैव–विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के लिए आवश्यक है। सर्पों के प्रति भय नहीं, बल्कि सावधानी और सह–अस्तित्व की भावना विकसित करना प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नाग पंचमी का पर्व हमें नाग जैसे महत्वपूर्ण जीव का संरक्षण कख संदेश देता है। संक्षेप में कहें तो आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और करुणा को जोड़ना ही नाग पंचमी का वास्तविक व असली संदेश है।

# नशे में गाड़ी चलाई तो जेल, हवाई जहाज़ उड़ाया तो सिर्फ़ निलंबन



**के. विश्वदेव राव**

भारतीय सड़कों पर शराब या नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर को तुरंत गिरफ्तारी, आपराधिक चार्जशीट और जेल की हवा खानी पड़ती है। लेकिन, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में आज तक एक भी व्यावसायिक पायलट को नशे में फ्लाइट उड़ाने के प्रयास के लिए आपराधिक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया है। इससे तो यही निष्कर्ष निकालता हैं, आसमान में नशा करना कानूनी अपराध नहीं अपितु एक प्रशासनिक गलती है। शायद यही कारण है कि आज तक किसी पायलट को आपने कटघरे में नहीं देखा है।

भारतीय विमानन कानून के एक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने हवाई सुरक्षा के मानकों पर बेहद सख्त रुख अपनाया था। जुलाई 2024 में, ब्रेथ–एनालाइज़र टेस्ट में फेल होने पर एक पायलट के लाइसेंस निलंबन को बरकरार रखते हुए, हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सुरक्षित उड़ान के लिए शरीर में अल्कोहल का स्तर 'शून्य' होना चाहिए, जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के सुरक्षा सिद्धांतों के भी अनुकूल है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की थी: 'यात्रियों की सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता, और लापरवाह पायलट के प्रति कोई भी ढिलाई उनकी जान को खतरे में डालने जैसी होगी। कागजों पर अदालत का यह निर्देश बिल्कुल साफ है: कॉकपिट में शराब या किसी भी नशीले पदार्थ की एक बूंद भी सुरक्षा से खिलवाड़ और अक्षम्य अपराध है। फिर भी, अदालती आदेशों और जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ी खाई साफ नजर आती है। प्रशासनिक ढिलाई की यह तस्वीर एक और संवेदनशील क्षेत्र, भारतीय रेलवे में भी देखने को मिलती है।

दिसंबर 2023 में रेल मंत्रालय ने राज्यसभा में जानकारी दी थी कि पिछले 5 वर्षों में कराए गए करीब 8.28 करोड़ ब्रेथ–एनालाइज़र टेस्टों में से 1,761 लोको पायलट ड्यूटी जॉइन करते या खत्म करते वक्त टेस्ट में फेल पाए गए। इसके बावजूद, सिर्फ टेस्ट में फेल होने के आधार पर किसी को आपराधिक सजा मिलने के मामले न के बराबर हैं। जब कोई ट्रेन ड्राइवर अनिवार्य ब्रेथ–एनालाइज़र टेस्ट में फेल होता है, तो भारतीय रेल, रेलवे कर्मचारी (अनुशासन और अपील) नियम, 1968 के तहत सिर्फ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करती है। हर मामले में आपराधिक मुकदमा चलाने के बजाय ड्राइवर को ड्यूटी से हटा दिया जाता है, सस्पेंड किया जाता है, विभागीय जांच बैठाई जाती है और अक्सर नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत आपराधिक धाराएं, विशेषकर ड्यूटी पर नशे के लिए धारा 172 और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डालने के लिए धारा 175, तभी लगाई जाती हैं जब नशे या लापरवाही के चलते कोई बड़ा हादसा हो जाए; जैसे ट्रेनों की टक्कर, पटरी से उतरना, या सिग्नल ओवरशूट जैसी घटना। ऐसे मामलों में स्थानीय पुलिस या रेलवे अधिकारी भारतीय न्याय संहिता (ब्हस) की धाराओं के साथ आपराधिक अदालत में चार्जशीट पेश करते हैं। विमानन क्षेत्र की जवाबदेही प्रणाली में ढांचागत खामियां रेलवे एक कदम आगे हैं। इस नियामक खामी की गंभीरता को समझने के लिए विमानन क्षेत्र में होने वाले खतरों के भयावह पैमाने को देखना होगा।

निजी गाड़ी चलाने वाला एक शराबी ड्राइवर कुछ यात्रियों या राहगीरों की जान जोखिम में डालता है। इसके उलट, ए320 (320) या बोइंग 777 (क्व77) जैसे विमान की कमान संभालने वाला पायलट 180 से लेकर 350 से अधिक यात्रियों की जिंदगी सीधे अपने हाथ में रखता है। 30,000 फीट की ऊंचाई पर शरीर का सुस्त पड़ना, भ्रम की स्थिति बनना या सोचने–समझने में थोड़ी भी देरी किसी सुधार का मौका नहीं देती। नशे की हालत में हुई एक चूक सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनसंहार का कारण बनती है। हाल ही में गुजरात में हुए एयर इंडिया हादसे में हम यह तबाही देख चुके हैं। रक्षा के इतने बड़े जोखिम के बावजूद भारतीय कानून व्यवस्था नशेड़ी वाहन चालक पर तो कहर ढाती है, लेकिन मदांध पायलट पर मेहरबान रहती है।

जब कोई ड्राइवर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत नशे में पकड़ा जाता है या BNS, 2023 के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाता है, तो कानून की पूरी ताकत उस पर आजमाई जाती है। पुलिस तुरंत एफआईआर दर्ज करती है, गाड़ी जब्त करती है और उसे महीनों से लेकर (गंभीर मामलों में) आजीवन कारावास तक की सजा दिलाने के लिए केस लड़ती है। दूसरी ओर, जब कोई कमर्शियल पायलट उड़ान से पहले ब्रेथ–एनालाइज़र टेस्ट में फेल होता है या नशीले पदार्थों के सेवन का दोषी पाया जाता है, तो मामले को महज एक 'प्रशासनिक विषय' मानकर निपटा दिया जाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छ्ळ्ष्ट) अपने नियमों के तहत चरणबद्ध निलंबन लागू करता है: पहली बार पकड़े जाने पर 3 महीने के लिए उड़ान पर रोक (ग्राउंडिंग), दूसरी बार में 3 साल का बैन और तीसरी बार में लाइसेंस रद्द। गौर करने वाली बात यह है कि आरोपी पायलट प्रशासनिक स्तर पर ग्राउंड रहता है, काउंसलिंग या सस्पेंशन की अवधि पूरी करता है और सजा खत्म होते ही दोबारा कॉकपिट में वापस लौट आता है।

पिछले एक दशक में दर्जनों पायलटों के टेस्ट में फेल होने के बावजूद सार्वजनिक रिकॉर्ड बताते हैं कि नशे में प्लेन उड़ाने की कोशिश के लिए किसी भी पायलट को आपराधिक सजा नहीं हुई है। इस व्यवस्था में खामियां और भी हैं, भारतीय न्याय संहिता, 2023 में नशे की हालत में कमर्शियल प्लेन उड़ाने या उड़ाने की कोशिश करने को अपराध घोषित करने वाली कोई अलग से सख्त धारा नहीं बनी है। दूसरी समस्या है, एयरलाइंस कंपनी अपनी साख बचाने और कानूनी मुकदमों से बचने के लिए ऐसे मामलों को कंपनी का आंतरिक मामला मानकर दबा देती हैं। बाहरी न्यायिक हस्तक्षेप न होने के कारण एयरलाइंस आरोपी क्रू मेंबर्स की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने से बचती हैं। मौजूदा व्यवस्था में ज़मीन पर पकड़े गए पायलट के कृत्य को 'सैकड़ों लोगों की जान खतरे में डालने की आपराधिक कोशिश' मानने के बजाय सिर्फ एक 'सफल नियामक बचाव' मान लिया जाता है। चूंकि हादसे को उड़ने से पहले टाल दिया गया, इसलिए आपराधिक न्याय प्रणाली पूरे मामले से पल्ला झाड़ लेती है और सब कुछ डीश्जीश्सीश्एश के विवेक पर छोड़ दिया जाता है। जब तक हमारा आपराधिक कानून कॉकपिट में बैठे शराबी पायलट से भी वही सख्ती नहीं बरतेगा जो सड़क पर शराबी ड्राइवर या रेल पटरी पर लोको पायलट से बरती जाती है, तब तक 'जीरो टॉलरेंस' का सिद्धांत सिर्फ कागजी बातें और प्रशासनिक निलंबन बनकर रह जाएगा, कोई ठोस कानूनी खौफ पैदा नहीं होगा।

# रील से दोस्ती और जी का जंजाल



**बाल मुकुन्द ओझा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिनरात मोबाइल की स्क्रीन से चिपके रहकर रील बनाने वाले युवाओं को राष्ट्रनायकों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा जमाना बेशक रील्स का है शॉर्टकट का है, रील्स देखना और बनाना कोई बुरी बात यहीं है मगर वक्त का ध्यान रखना जरुरी है। मोदी ने कहा सिर्फ युवा ही नहीं, हर उम्र के लोग आजकल दिन भर मोबाइल की स्क्रीन से चिपके रहते हैं। रील्स देखने में घंटों बिता देते हैं। छोटे–छोटे बच्चों को मोबाइल का एडिक्शन हो गया है, इसकी वजह से बच्चों का मानसिक विकास रुक रहा है, तमाम तरह की बीमारियां फैल रही हैं। लोगों में पढ़ने की आदत खत्म हो रही है। आज घर घर में बच्चे और युवा धड़ल्ले से मोबाइल पर स्क्रीनिंग कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है की यह उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई के लिए कितना खतरनाक है। मीडिया में छोटे और किशोर आयु के बच्चों को मोबाइल लत के खतरे से लगातार आगाह किया जा रहा है। अनेक बच्चे इसके दुष्परिणामों के शिकार होकर अस्पतालों में अवसाद का इलाज़ करा रहे है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सेंसर टावर की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अपने देश में गत वर्ष मोबाइल पर 1.12 ट्रिलियन घंटे स्क्रीनिंग की गई जो दुनियाभर में सर्वाधिक आंकी गई है। इससे पता चलता है 18 वर्ष की आयु सीमा के 40 करोड़ बच्चे में से हर तीसरा बच्चा मोबाइल अवसाद का शिकार है, जिनकी संख्या 13 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इसी भांति एक अन्य नई रिसर्च के मुताबिक मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जैसे गैजेट्स न केवल बच्चों के स्वास्थ्य अपितु उनके शैक्षिक जीवन के लिए भी खतरा बन रहे है। टेक्नोलॉजी के इस दौर में बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट से ही अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। खासकर कोविड में ऑनलाइन पढ़ाई के बाद उनके बीच स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ा है। पांच हजार से ज्यादा कनाडाई बच्चों पर साल 2008 से 2023 तक चली एक रिसर्च बताती हैं कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में बेसिक मैथ्स और पढ़ने की समझ ठीक से विकसित नहीं हो पा रही है। यहां तक कि स्क्रीन टाइम की वजह से बच्चों के मार्क्स में 10 फीसदी तक कमी आई है। एक अन्य रिपोर्ट में यह सामने आया है कि 73 प्रतिशत स्कूली बच्चे अश्लील सामग्री देखते हैं। वहीं, 80 प्रतिशत बच्चे रोज़ाना सोशल मीडिया पर कम से कम 2 घंटे बिताते हैं। इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, सोचने–समझने की क्षमता और व्यवहार पर पड़ रहा है। मोबाइल आपका दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। एक स्टडी रिपोर्ट में एक बार फिर मोबाइल के खतरे से सावचेत किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है पैरेंट्स बिना सोचे–समझे सिर्फ दो–ढाई साल के बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। इसके बाद बिना मोबाइल यूज किए बच्चा खाना तक नहीं खाता है। हालांकि इंफॉर्मेशन, टेक्नॉलोजी और एआई के दौर में मोबाइल का इस्तेमाल जरूरी है। लेकिन छोटे–छोटे बच्चों को मोबाइल देने की क्या जरूरत है अगर आप भी मोबाइल एडिक्शन को सीरियसली नहीं ले रहे हैं, तो आपको बता दें कि सेलफोन आपके बच्चों का सबसे बड़ा दुश्मन बन रहा है। कच्ची उम्र में बच्चों को डिजिटल डिमेंशिया जैसी घातक बीमारी हो सकती है। टाइम ज्यादा होने का सबसे पहला असर बच्चों की आंखों की रोशनी पर पड़ रहा है। स्क्रीन को नजदीक और एकटक देखने से आंखें ड्राई होने लगती हैं यही हालात रहने पर आंखों की रोशनी कम होने लगती है। मोबाइल बच्चों का दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए अभिभावकों को इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है। देखा जाता है पांच साल का बच्चा भी आँख खोलते ही मोबाइल पर लपकता है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए करते थे। अब बच्चे भी इंटरनेट के शौकीन होते जा रहे हैं। बाजार ने उनके लिए भी इंटरनेट पर इतना कुछ दे दिया है कि वह पढ़ने के अलावा बहुत कुछ इंटरनेट पर करते रहे हैं। पेरेंट्स को बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते उनकी ऐसी आदत को पॉजेटिव तरीके से दूर करना चाहिए।

# 'दिमागी नक्सली', नई बहस और हंगामे का आगाज



**ऋतुपर्ण दवे**

लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 80वें स्वाधीनता दिवस पर उद्बोधन के दौरान विरोधियों पर कसा गया तंज अब नई और राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री की दिमागी नक्सलवाद कह कर की गई टिप्पणी ने नया सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री ने किसे या किन्हें 'दिमागी नक्सली' कहा, क्या विपक्ष और आंदोलनकारी छात्रों को या सरकार पर उंगली उठाने वाले हरेक को या फिर संसद न चलने देने वाले विपक्ष को निश्चित रूप से इस टिप्पणी पर अभी आगे काफी कुछ सियासत होनी तय है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हथियार उठाने वाले नक्सलियों से तो निपट लिया गया, लेकिन अब देश को 'दिमागी नक्सलियों' से सतर्क रहने और उन्हें अलग–थलग करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद और माओवादी हिंसा ने दशकों तक देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया जिसमें हजारों लोगों की जान गई। उनका इशारा था कि अब इस चुनौती के एक दूसरे स्वरूप यानी दिमागी नक्सलवाद से निपटना जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी टिप्पणी में दिमागी नक्सली की कोई स्पष्ट या औपचारिक परिभाषा तो दी नहीं और न ही कोई कानूनी परिभाषा बताई। भले ही उनकी टिप्पणी इशारों में रही, लेकिन राजनीतिक और वैचारिक संदर्भ में इसके मायने बहुत गहरे हैं। जंतर–मंतर पर हाल ही में जिस तरह कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले छात्र आंदोलन हुआ जो देखते–देखते देश का एक बड़ा और अप्रत्याशित आन्दोलन बन खड़ा हुआ। अब उसके फैलते जाने का अंदेशा भी दिखाई दे रहा है। कहीं उसी पर तो यह टिप्पणी नहीं की या फिर हाल ही में संसद में लगातार गतिरोध बने रहने और नेता विपक्ष राहुल गांधी के तमाम मंचों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती देने की खीझ पर तो निशाना नहीं लगया सच यह है कि हाल के दिनों में जेन–जी के जंतर–मंतर पर आन्दोलन के बाद 12 वर्षों में पहली बार मोदी सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना पड़ा। उससे भी गंभीर और बड़ी बात यह कि इस मुद्दे को विपक्ष खासकर राहुल गाँधी ने लपक लिया और संसद से सड़क तक प्रभावशाली तरीके से उठाया। निश्चित रूप से जेन–जी आन्दोलन के चलते महज युवा ही नहीं बल्कि उनके अभिभावक भी नाराज दिखे। इससे पहली बार लगा कि मोदी सरकार परेशान है। देखते ही देखते छात्रों की पिटाई, बिना वर्दी के पुलिस वालों की मौजूदगी, पैलेट गन और कील लगी लाठियों के उपयोग को राहुल ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया। कहीं दिमागी नक्सली कहकर उनका इशारा इसी पर तो नहीं था क्या प्रधानमंत्री ने दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल करके देश को सुरक्षा, वैचारिक स्थिरता और सामाजिक एकता से जुड़ाव रखने का साफ और कड़ा संदेश तो देने की कोशिश तो नहीं की अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को हिंसा और अराजकता से दूर रहना होगा और विकास तथा रचनात्मक कार्यो में सहयोग देना होगा। जाहिर है प्रधानमंत्री दिमागी नक्सलवाद के जरिए विरोधियों को लताड़ तो लगा रहे थे। साथ ही रूठे या उनसे नाराज जेन–जी को भी संदेश दे रहे थे कि वो रचनात्मक कार्यों में सहयोग करें। जंगली नक्सली खत्म हो गए हैं लेकिन जो दिमागी नक्सली सिर उठा रहे हैं, उन्हें पहचानने की बात किसके लिए कह गए उन्होंने आगे जो कहा वह और भी खास है जिसमें जंगल नक्सलियों की जगह अब शहरों, शिक्षण संस्थानों और बौद्धिक मंचों पर सक्रिय 'दिमागी नक्सल' के लेने की बात कह, सरकार का विरोध करने वालों को तिलमिला दिया। उन्होंने इनसे सावधान रहने का आगाह भी किया। हथियारबंद नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं जिन्हें पहचानना होगा। उन्होंने साफ किया कि यह वर्ग सीधे हथियार नहीं उठाता, बल्कि अपनी विचारधारा से देश में भ्रम और अराजकता फैलाने की फिराक में रहता है। पहले भी अर्बन नक्सली कहे जाने पर हंगामा हुआ था जिस पर संसद में बताया गया कि संसद में 'अर्बन नक्सल' शब्द की कोई औपचारिक कानूनी परिभाषा नहीं है। सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि कानून के तहत इस शब्दावली को परिभाषित नहीं किया गया। हाँ, राजनीतिक बयानों और बहसों में इसका उपयोग अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा और वैचारिक विरोध के संदर्भ में किया जाता है। आगे क्या दिमागी नक्सल पर भी यही होगा। काँग्रेस ने दिमागी नक्सलवाद पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को उनकी घबराहट बताया तो प्रधानमंत्री मोदी के 'दिमागी नक्सल' बयान पर कॉकरोच जनता पार्टी की प्रतिक्रिया ने इस मुद्दे को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# राज्य में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, तिरंगे की शान में डूबा प्रदेश

## जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में मंत्रिपरिषद के सदस्यों, संभागीय आयुक्तों और जिला कलक्टरों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में मंत्रिपरिषद के सदस्यों, संभागीय आयुक्तों और जिला कलक्टरों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद पुलिस एवं विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। समारोहों का आगाज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुआ। इसके बाद राष्ट्रगान, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले लोगों के सम्मान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान वीरांगनाओं, सरकारी कार्मिकों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

जोधपुर में जिला स्तरीय मुख्य समारोह श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित हुआ। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने ध्वजारोहण किया और परेड निरीक्षण के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का दिन है।

सवाई माधोपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कोटा के महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

टोंक में जलदाय एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस बैंड ने वंदे मातरम् और राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की।

पाली में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने राजकीय श्री बांगड़ स्टेडियम में तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। वहीं सीकर के जिला खेल स्टेडियम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

नागौर में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस एवं विभिन्न टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

बूंदी में ऊर्जा राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली गोविंदपुर बावड़ी की होनहार बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धि को जिले और प्रदेश के लिए गौरव बताया गया।

सिरोही में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। प्रतापगढ़ में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हॉकी मैदान में आयोजित समारोह में तिरंगा फहराया।

उदयपुर के गांधी ग्राउंड में जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने ध्वजारोहण किया।

डूंगरपुर में जिला कलक्टर देशलदान ने लक्ष्मण मैदान में तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। बांसवाड़ा के कुशलबाग मैदान में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने ध्वजारोहण किया।

जालोर स्टेडियम में मुख्य सचेतक ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया। बाड़मेर में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने ध्वजारोहण किया। फलौदी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के मुख्य आतिथ्य में मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में समारोह आयोजित हुआ।

ब्यावर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित हुआ।

हनुमानगढ़ में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया।

श्रीगंगानगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने ध्वजारोहण किया।

धौलपुर के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

झालावाड़ के विजया राजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने तिरंगा फहराया।

बांसवाड़ा, बारां, करौली और कोटपूतली-बहरोड़ सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुए। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड और सम्मान समारोहों ने आयोजन को यादगार बना दिया। पूरे प्रदेश में आयोजित समारोहों में तिरंगे की शान, देशभक्ति के नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव एवं उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

## शहीदों की शान में लहर लहर लहराया तिरंगा

**केकड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** भारत की स्वततन्त्रता का दिवस 15 अगस्त केकडी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पटेल मैदान में आयोजित उपखण्ड स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शत्रुघ्न गौतम थे। उपखण्ड अधिकारी सुरेश कुमार बलाई ने झण्डारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।मार्चपास्ट में पटेल स्कूल का घोष आकर्षण का केंद्र रहा जिसकी ली व ताल पर एनसीसी के कैडेट्स व स्कूली छात्र-छात्राओं ने मार्चपास्ट किया। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के सैंकडो बच्चों ने सामूहिक व्यायाम का प्रदर्शन किया। नगर की प्रमुख स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर नृत्य व लघु नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि आज हम आजादी का पर्व जो मना रहे है यह आजादी हमे लंबे संघर्ष व लाखो नाम व नाम शहीदों के संघर्ष के फलस्वरुप मिली ह, यह दिन उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने का दिन है। जिन्होंने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। लाल किले पर आयोजित कार्यक्रम हमारे देश की एकता व अखंडता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के भाषण से देश की प्रगति व भविष्य की दिशा तय होती है। इस पुनीत अवसर पर मातृभूमि की स्वाधीनता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों को कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपनी पत्नी के स्वर्गवास के पश्चात उनकी देहदान करने पर सम्मानित किया गया।



## पृथ्वीराज चौहान रंगमंच में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया



**मसूदा (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार को मसूदा स्थित पृथ्वीराज चौहान रंगमंच में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उत्साह के माहौल में मनाया गया। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शानदार परेड प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट, पीटी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ देशभक्ति तरानों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और सामूहिक गायन ने भी खूब तालियां बटोरीं। उत्कृष्ट सेवाओं एवं प्रशंसनीय कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए तथा विद्यार्थियों को पालिका की ओर से मिठाई और पारितोषिक वितरित किए गए। मसूदा उपखंड क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर ध्वजारोहण किया वहीं छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ।

## सरवाड़ पालिका की सियासतः सात में से पांच बार भाजपा का परचम, 2021 में कांग्रेस ने पलटा पासा

**सरवाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** नगर पालिका की साढ़े तीन दशक लंबी राजनीतिक यात्रा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का वर्चस्व स्पष्ट नजर आता है। वर्ष 1990 से अब तक हुए सात पालिका चुनावों में भाजपा ने पांच बार अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस दो बार सत्ता में आने में सफल रही। भाजपा का मजबूत इतिहास और संगठन 1990 में डॉ. आसन दास सिंधी, 1995 में छगन कंवर राठौड़, 2005 में शंकर सिंह राठौड़, 2010 में दुर्गा लाल माली और 2015 में विजय कुमार लड़ा भाजपा से अध्यक्ष बने। भाजपा की इस निरंतर सफलता के पीछे बूथ स्तर पर मजबूत संगठन और पार्टी कार्यकर्ताओं का पुराना नेटवर्क प्रमुख कारण रहा है। छगन कंवर राठौड़ का राजनीतिक सफर सरवाड़ की राजनीति में छगन कंवर राठौड़ का सफर विशेष रहा। उन्होंने 1995 में भाजपा के टिकट पर पालिकाध्यक्ष का पद संभाला था, वहीं ढाई दशक बाद 2021 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर पुनः पालिकाध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड बनाया। 2021 का निर्णायक मोड़ वर्ष 2000 में राजकुमारी अजमेरा के बाद 2021 में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। 25 वार्डों वाली नगर पालिका में कांग्रेस ने 15 सीटें जीतकर और दो निर्दलीयों के सहयोग से कुल 17 पार्षदों के साथ अपना बोर्ड बनाया। आगामी चुनावों में कांग्रेस के सामने 2021 के प्रदर्शन को दोहराने की और भाजपा के सामने अपने पुराने गढ़ को बचाने की चुनौती होगी।

## मेघवाल समाज छात्रावास निंबाहेड़ा में 80 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में तिरंगा झंडा रोहण

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 के उपलक्ष में मेघवाल समाज छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।देश के 80 वा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मेघवाल समाज छात्रावास निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ परिसर के समारोह की अध्यक्षता डॉ .बी .आर .मेघवाल जावदा, ने की । मुख्य अतिथि रामचंद्र बामनिया जिला अध्यक्ष राजस्थान मेघवाल समाज सुधार सोसाइटी ,विशिष्ट अतिथि हजारी लाल मेघवाल ,अति विशिष्ट अतिथि छगनलाल मांगरोल पूर्व छात्रावास अध्यक्ष थे । अतिथियों ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया माल्यार्पण करने के पश्चात झंडा रोहण किया गया उसके बाद अतिथियों का स्वागत उद्बोधन शंभू लाल मेघवाल पूर्व सचिव ने किया। गंगाराम मेघवाल, मुख्य अतिथि रामचंद्र बामनिया, छगनलाल मेघवाल,



मांगीलाल बामनिया, के साथ-साथ छात्रावास में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने विचार रखें अंत में अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर बालूराम मेघवाल ने अपने विचार रखें और आभार व्यक्त नंदलाल कमाली सचिव छात्रावास ने किया। सभी छात्रों ,महिलाओं एवं अभिभावकों ने काफी संख्या में अपनी उपस्थिति दी ।सभी अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में देश की आजादी में कहीं वीर सपूतों का योगदान रहा, उनके त्याग तपस्या और बलिदान से ही देश को आजादी मिली ।आज देश में कई कुरीतियों और अनैतिकता, सामाजिक विषमता ,जातिवाद राजनीतिक द्वेसता एवं बेरोजगारी व्याप्त है । इन सभी को मिटाना है तभी आधुनिक राष्ट्र का निर्माण विकास संभव है ।देश की एकता, अखंडता , अक्षुण्णता संप्रभुतता का, सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए ।

## भाजपा कार्यालय पर विधायक कृपलानी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, स्वतंत्रता दिवस की दी शुभकामनाएं



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, निम्बाहेड़ा पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने नगरवासियों, भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उद्बोधन में विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि देश की आजादी असंख्य वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। वहीं राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत के निर्माण के लिए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

## साधु संतों के नेतृत्व में निकली अखंड भारत संकल्प रैली

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नगर में साधु संतों के नेतृत्व में हजारों की संख्या में निकली अखंड भारत संकल्प रैली कृषि उपज मंडी से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकली जहां समाज जन बड़े ही जोर-शोर से रैली का स्वागत किया साथ ही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हैदराबाद के भाग्यनगर से विधायक टाइगर राजा सिंह पंचोली चौराहे से रैली में सम्मिलित हुए जिससे युवाओं में जबरदस्त जोश दिखा और बरसात में भी युवा रैली में डटे रहे बरसात के कारण टाइगर राजा सिंह जी का उद्बोधन बरसती हुई बरसात में मंडी चौराहे पर संपन्न हुआ सभा स्थल पर साधु संतों के नेतृत्व में धर्म सभा आयोजित हुई जिसमें जिसमें सभी साधु संतों का स्वागत हुआ 1008 सुदर्शन आचार्य जी महाराज का आशीर्वचन हुआ और समिति के बबलू माली ने स्वागत उद्बोधन के साथ ही अपनी बात रखते हुए कहा कि अब इस देश को अखंड रखने के लिए हमें अखंड हिंदू परिवार और अखंड हिंदू समाज रखने का संकल्प लेंगे और ईश्वर काम करेंगे तभी यह देश अखंड हिंदू राष्ट्र और भारत देश हिंदू राष्ट्र बन पाएगा इस मौके पर उपस्थित संत राधे श्याम जी सुखवाल राम गौशाला संत तुलसीराम जी महाराज खाटू श्याम आश्रम संत लालुनाथ जी महाराज सुखानंद आश्रम संत लखन गिरी जी महाराज मोनी बाबा आश्रम संत महेंद्र सेवानंद गिरी जी महाराज दबेश्वर मंदिर संत हरि ओम गिरी जी महाराज रानीखेड़ा बालाजी मंदिर संत भारत गौरव रन से सम्मानित पूज्य गुरु मां काजल गुरु जागीरदार अर्धनारीश्वर परिवार व संजय चौतन्य ब्रह्माचारी जी महाराज पेठाधीश्वर वैदिक जागृति ज्ञान विज्ञान इस मौके पर सभी समिति के सदस्य और सनातनी उपस्थित रहे ।



## उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतन्त्रता दिवस

### राजकीय खेल स्टेडियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय समारोह

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** 80वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह शनिवार को सम्पूर्ण जिले में उत्साह,हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया ।डीडवाना स्थित राजकीय खेल स्टेडियम में आयोजित हुए जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्यमंत्री विजयसिंह चौधरी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इससे पूर्व उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित शहीदों को नमन किया ।जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अवधेश मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान,जितेंद्र सिंह जोधा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी,स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे ।राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने उपस्थित नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे देश के महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के साथ साथ सीमा पर हमारी रक्षा करने वाले सेना व सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस के जवानों के बलिदान



को भी सदा स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश ने हर क्षेत्र में उन्नति के नए आयाम स्थापित किये है। देश- दुनिया में हमारी छवि निरंतर सशक्त हुई है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश ने विगत वर्षों में आर्थिक,राजनीतिक, सामरिक एवं रणनीतिक रूप से हर मोर्चे पर अमित छाप छोड़ी है, जो हम सबके के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ये बताते हुए हर्ष हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की दिशा में राजस्थान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिबद्धता के साथ कदम बढ़ा रहा है। विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए ठोस निर्णय ले रहा है ।जिला स्तरीय कार्यक्रम में परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर जोगेंद्र राठौड़ ने किया। मार्च पास्ट में पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, पुलिस बैंड एवं एनसीसी के कैडेट ने हिस्सा लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 अधिकारियों,कार्मिकों, सामाजिक कार्यकर्ता,भामाशाह एवं लोक कलाकारों सहित खिलाडियों व विद्यार्थीयों को भी सम्मानित किया गया।

## जोतायां में कांवड़ियों के स्वागत में बिछाए पलक पांवड़े, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**टांटोटी (हुक्मनामा समाचार)।** जोतायां में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के दूसरे दिन पुष्कर से कावड़ लेकर लौटे 65 कांवड़ियों के दल का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। समाजसेवी बनवारी सिंह रावणा राजपूत ने बताया कि जोतायां में ग्रामीणों की ओर से आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत दूसरे दिन रविवार सायं 5 बजे कांवड़ियों को डीजे की धुन पर नाचते गाते हर हर महादेव के जयकारे के साथ शोभायात्रा निकाली। सैकड़ों महिलाओं तथा पुरूषों ने गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पीवणिया सागर के तट पर स्थित महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शनिवार सायं को विशाल कलशयात्रा निकाली गई। वहीं रविवार प्रातः से 24 घण्टे का अखण्ड रामायण पाठ का वाचन किया जा रहा है। वहीं सोमवार को कांवड़ियों द्वारा पुष्कर से पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे तथा विवाहित जोड़े हवन-यज्ञ में आहूतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसी प्रकार कार्यक्रम के अन्त में ब्रह्मभोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी को भोजन प्रसाद ग्रहण करवाई जाएगी। कांवड़ियों के स्वागत के दौरान बनवारी सिंह, छगनलाल खारोल, सत्यनारायण ओझा, रतनलाल, धर्मीचंद प्रजापत, रतन जाट, रामकिशन, मिलाल, बद्रीलाल, लाबूराम, आशाराम, पुजारी बद्री वैष्णव, गोपाल नाथ सहित सैकड़ों महिलाएं ग्रामीण मौजूद रहे।

## गंगापुर में समारोहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, 42 उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान

### एसडीएम विवेक गुर्जर ने किया ध्वजारोहण, देशभक्ति गीतों से गूंजा समारोह स्थल

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं समारोहपूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह में उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत हुई। समारोह में उपस्थित लोगों ने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले 42 जनों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में शिक्षा, सामाजिक सेवा, प्रशासन, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाएं शामिल रहीं। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सम्मानित व्यक्तियों का उत्साहवर्धन किया। बॉक्स न्यूज डेढ़ करोड़ की लागत से विज्ञान प्रयोगशाला भवन समारोह में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर में विज्ञान प्रयोगशाला भवन निर्माण के लिए विशेष भामाशाह सम्मान गीतांजलि ग्रुप उदयपुर को प्रदान किया गया। विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला भवन के निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए गीतांजलि ग्रुप उदयपुर का विशेष रूप से सम्मान किया गया। समारोह में गंगापुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद लोगों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का जज्बा भर दिया। शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों के साथ विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी,



सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं विकास में सभी से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह का समापन राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## जिला स्तरीय समारोह में नवनियुक्त कार्मिकों को जिला कलेक्टर ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाईव प्रसारण जिला स्तरीय समारोह नगर निगम सभागार टाउन हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले के नव नियुक्त कार्मिक को नियुक्ति पत्र देकर आगामी जीवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान एडीएम सिटी मती प्रतिभा देवटिया, सीएमएचओ डॉ संजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।



**स्वाधीनता दिवस-2026**

## जिला कलक्टर लोक बन्धु का राज्य स्तर पर सम्मान

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर लोक बन्धु को माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रशंसनीय राज्य सेवा एवं कुशल कार्य निष्पादन के लिए योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान जनकल्याण एवं प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए विशेष सर्वेक्षण एवं अभियान चलाकर एक हजार से अधिक दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए। इसी प्रकार सरकारी भूमि, जल निकायों, मंदिर माफी भूमि एवं कैचमेंट क्षेत्रों से जुड़े भूमि विवादों के निस्तारण के साथ सरकारी एवं वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान संचालित किए गए। मातृ-शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बच्चों में कुपोषण तथा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की पहचान, पोषण, सप्लीमेंटेशन और नियमित फॉलोअप पर केंद्रित विशेष मुहिम भी संचालित की गई। इन प्रयासों



से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति मिली।

## ठाकरियावास के महात्मा गांधी विद्यालय में माँ सरस्वती मंदिर का अनावरण

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय ग्राम ठाकरियावास स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को माँ सरस्वती मंदिर का अनावरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।समारोह के दौरान भामाशाह हेम सिंह शेखावत द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता स्व. थान सिंह शेखावत एवं स्व. मगन कंवर की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित माँ सरस्वती मंदिर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दूदौली की प्रशासक सुनीता कलवानिया द्वारा पट्टिका अनावरण कर किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पधारे हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया तथा भामाशाह परिवार के इस पुण्य कार्य के लिए आभार



व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकाश सिंह, सुभाष कलवानिया, सायर सिंह, हंसराज शर्मा, कृतिका शेखावत, राज प्रताप सिंह, जुगल सिंह, राम सिंह, पुनाराम मेघवाल, चिमनाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### वंडर सीमेंट लि. के पाटनी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया "80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह"

## स्पेस विज्ञान तक भारत की पहुंच, विश्व शक्ति की और बढते कदम- नितिन जैन

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** वंडर सीमेंट लिमिटेड, आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा के पाटनी पब्लिक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह कम्पनी के यूनिट हेड एवं विद्यालय प्रबंधक नितिन जैन के मुख्य आतिथ्य तथा श्रीमती अरुणा जैन के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस शुभअवसर पर भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत वन्देमातरम् से हुई। कम्पनी के यूनिट हेड एवं विद्यालय प्रबंधक नितिन जैन ने देश की स्वतन्त्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के साथ ही पीपीएस के बच्चों ने स्कूल बेण्ड के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि महोदय को वंडर सीमेंट लि. के मुख्य सुरक्षा अधिकारी नागेन्द्र सिंह चुण्डावत ने विद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स तथा वंडर सीमेंट के सुरक्षा कर्मियों की सूसज्जित परेड का निरीक्षण कराया, निरीक्षण के उपरान्त जैन ने मार्चपास्ट को सलामी दी तथा अपने उद्बोधन में सभी को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की 80 वर्षों की प्रगति से अवगत कराते हुए कहा कि, नया भारत सबको साथ साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। देश ने आज स्पेस विज्ञान, रिन्युएबल ऐनर्जी, देश में निर्मित सुरक्षा शस्त्र एवं मिसाइले इत्यादि विश्व शक्ति की और बढते कदम है। हम सभी की भी जिम्मेदारी हे की हम सकारात्मक रहकर आत्मविश्वास रखते



हुए नई दक्षताएं विकसित करें एवं निरन्तर आगे बढ़े और देश की प्रगति में भागीदार बने। साथ जैन ने सभी से विदेशी वस्तुओं को मोह त्याग, स्वदेशी को अपनाने की अपील कि। इस दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में 90 प्रतिशत् और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पीपीएस के मेधावी विद्यार्थियों तथा खेल, वाद-विवाद सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य आतिथी महोदय ने सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वंडर सीमेंट में आयोजित कार्यक्रम में पीपीएस के छात्रों ने देश की स्वतंत्रता की महिमा के गुणगान करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें देश भक्ति गीत, ग्रूप डांस, लघु नाटिका का मंचन, हिन्दी-अंग्रेजी में भाषण एवं कवितापाठ, जुम्बा इत्यादी रोचक प्रस्तुतियां दी, इसके पश्चात् वंडर सीमेंट लि.में कार्य के दौरान अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को एसोसिएट महाप्रबंधक (एच.आर.) अजय शर्मा के संयोजन में सम्मानित किया, साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ती से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशिकान्त ने अतिथिगण, अभिभावकों एवं उपस्थित समस्त का अभिवादन किया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मैकेनिकल विपिन जैन, उपाध्यक्ष प्रोसेस राजेंद्र शर्मा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, आर.के. नगरवासी एवं अभिभावक आदि उपस्थित थे।

## भवानी मंडी थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा गांव नदी की पुलिया पर बह रहे पानी में अधेड़ बहा



**भवानी मंडी (हुक्मनामा समाचार)।** थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा गांव में एमपी की और जाने वाले रास्ते पर रेवा नदी पर बनी पुलिया पर बीती रात एक 45 वर्षीय अधेड़ खेत पर से घर आते समय बह गया सवेरे एस डी आर एफ की टीम की तलाशी में उसका शव पुलिया से लगभग आधा किलोमीटर दूर बरामद हुआ भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार तथा नारायण खेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच गोवर्धन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात नारायण खेड़ा निवासी नानूराम पुत्र रतनलाल गुर्जर उम्र 45 वर्ष अपने खेत से घर पर आ रहा था बीच में नदी की पुलिया रपट पर पानी बह रहा था नदी के एक और नानूराम गुर्जर था तथा दूसरी ओर उसके दो भतीजे तूफान और कन्हैया थे जो खेतों की ओर जा रहे थे नानूराम दूसरी ओर था उसके भतीजे ने उसे आवाज लगाकर रोका भी की रपट पर पानी है अभी मत आओ थोड़ी देर बाद पानी उतर जाए जब आना लेकिन नानूराम ने शायद सुन नहीं पाया और रपट पर आगे आने लगा एक बार वह गिरकर उठ गया दूसरी बार गिरा तो बह गया सूचना मिलने पर भवानी मंडी पुलिस उपाधीक्षक सत्यनारायण गोदारा थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ए एस आई पुष्पेंद्र सिंह मय पुलिस जाप्ता तथा एसडीआरएफ की टीम को लेकर वहां पहुंचे लेकिन रात के अंधेरे में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिली सवेरे फिर पुलिस में जाप्ता तथा एसडीआरएफ की दो टीमों को नदी में उतर काफी तलाश करने के बाद नदी पुलिया से लगभग आधा किलोमीटर दूर एक तार में फंसा नानूराम का शव बरामद हुआ सूचना मिलने पर पचपहाड़ तहसीलदार अब्दुल हफीज तथा भवानी मंडी पंचायत समिति विकास अधिकारी रामदेव जांगिड़ भी मौके पर पहुंच गए थे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया

## नारी शक्ति का हुआ सम्मानः मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डी बी टी के माध्यम से दी प्रोत्साहन राशि

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शनिवार को नगर निगम टाउन हॉल में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं ग्राम साथिनों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महोदय ने प्रदेशभर में महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं ग्राम साथिनों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भूमिका की सराहना की। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक श्रीमती राजकुमारी खोरवाल ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं ग्राम साथिनों को अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई प्रोत्साहन राशि के संबंध में भी जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता आरती कोगटा ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## चित्तौड़गढ़ में स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय आयोजन



**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** इंदिरा गांधी स्टेडियम में 80वां जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च-पास्ट की सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन किया। **जनकल्याण और विकास का संकल्प** अपने संबोधन में मंत्री दक ने स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं, युवाओं के रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर जोर दिया। **सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिभा सम्मान** समारोह में स्कूली विद्यार्थियों ने अनुशासित सामूहिक व्यायाम और देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, उत्कृष्ट विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, समाजसेवियों, प्रगतिशील किसानों और पत्रकारों सहित 65 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्री, जिला परिषद व अन्य राजकीय कार्यालयों में भी ध्वजारोहण हुआ।

## आरएलपी की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्नः निकाय व पंचायती राज चुनाव पूरे दमखम से लड़ेगी पार्टी



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को लेकर जिला मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला प्रभारी पर्यवेक्षक महेन्द्र डोरवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी चुनावों की तैयारियों और रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी महेन्द्र डोरवाल ने कहा कि ऋक्क राजस्थान में होने वाले आगामी निकाय और पंचायती राज के सभी चुनाव बिना किसी समझौते के, पूरी मजबूती और दमखम के साथ लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित पार्षद व ऋक्क नेता गुलशेर खान ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच रहकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष कर रहे हैं। 2018 और 2023 के चुनावों के बाद अब पार्टी अपनी स्वतंत्र ताकत के साथ हर निकाय क्षेत्र और पंचायती राज स्तर पर मैदान में उतरेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों में पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया। साथ ही, डीडवाना जिला मुख्यालय पर आगामी चुनावी गतिविधियों का औपचारिक शुभारंभ करने की रणनीति भी तय की गई।

## नीलगाय सामने आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, बांगड़ अस्पताल में भर्ती

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** नागौर रोड स्थित नौजला की ढाणी के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सड़क पर अचानक नीलगाय के सामने आ जाने के कारण हुआ।मिली जानकारी के अनुसार, तितरी निवासी आकाश भाट अपनी बाइक से डाबड़ा गांव जा रहे थे। इसी दौरान नौजला की ढाणी के समीप अचानक एक नीलगाय दौड़ती हुई सड़क पर आ गई। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण आकाश वाहन पर से नियंत्रण खो बैठे और नीलगाय से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर

### अब हवाएं ही करेंगी रौशनी का फ़ैसला

## मसूदा नगर पालिका चुनावों को लेकर नेताओं के पेट में दर्द हुआ शुरु



**मसूदा (हुक्मनामा समाचार)।** मसूदा नगर पालिका में चेयरमैन का पद सामान्य वर्ग के लिए तय हुआ है नगर पालिका की कमान भाजपा या कांग्रेस के हाथों में रहेगी अब निग़ाहें उन वार्डों पर भी टिक गई हैं जहां महिला पार्षदों या एसी व सामान्य की लाटरी निकलेगी लेकिन भीतर से दोनों प्रमुख दलों की धड़कनें तेज़ हो गई हैं। भाजपा के सामने अपने बहुमत को बचाए रखने की चुनौती है तो कांग्रेस के सामने अपने संभावित सीटों को बचाने और किसी भी तरह से बहुमत लाने की वही भाजपा ओर कांग्रेस दोनो ही दलों में टिकट लेने वालो की लाइन लगेगी।

## भीलवाड़ा में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस लाइन मैदान में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। समारोह में मेवाड़ भील कोर, पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट-गाइड और स्कूल बैंड ने अनुशासित मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। **विकसित राजस्थान और जन-कल्याण का संकल्प** अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों और वीर माताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य सरकार विकसित राजस्थान के निर्माण में जुटी है। डॉ. बैरवा ने किसानों, युवाओं और बेटियों को राज्य के विकास की आधारशिला बताया तथा अंतिम व्यक्ति तक जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। **सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिभा सम्मान** कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन डॉ. हरीतिमा ने राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। विभिन्न विद्यालयों के 3,000 से अधिक विद्यार्थियों ने लेजियम, डम्बल्स और व्यायाम का सामूहिक प्रदर्शन किया। मयूर स्कूल और सुभाष नगर स्कूल के छात्रों ने देश भक्ति एवं राजस्थानी लोक-संस्कृति पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया।

## 'राजेन्द्र मार्ग स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया भारत का 80 वां स्वतन्त्रता दिवस'

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार को राजेन्द्र मार्ग विद्यालय द्वारा 80वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह श्रीमान् राजेन्द्र सिंह जी गहलोत, प्रधानाचार्य की अध्यक्षता, गोविन्द जी सोडानी समाजसेवी के मुख्य आतिथ्य, रामप्रसाद जी माणम्यां, पूर्व जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय के विशिष्ट आतिथ्य में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण एवं सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्राध्यापक सत्येन्द्र माली एवं शंकरलाल जाट के संयुक्त निर्देशन में घोष की मधुर धुन तथा छै, छब्ब् एवं स्काउट के विद्यार्थियों द्वारा परेड़ की कदम ताल के माध्यम से ध्वज अभिवादन किया गया। तत्पश्चात् अतिथि देवो भव: की परम्परा का निर्वहन करते हुए माननीय मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का तिलक लगाकर उपरणा एवं पगड़ी पहनाकर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में आगामी 31 अगस्त को अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले प्राध्यापक राजेश कुमार शर्मा का विद्यालय परिवार द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अद्भुत प्रस्तुतियां दी गई एवं विद्यालय द्वारा 51 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं विद्यार्थियो ने तालियों की गडगडाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्राध्यापक सुरेन्द्र सिंह चैहान द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन प्राध्यापक सांवरालाल कुमावत द्वारा सम्पूर्ण वन्देमातरम् गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापक सांवरालाल कुमावत, भागचन्द जैन व सपना चन्देरिया ने किया।

अन्त में उपप्रधानाचार्य अंकिता उपाध्याय द्वारा सभी अतिथियों, उपस्थित अभिभावकों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राध्यापक धीरज जोशी सुरेंद्र सिंह चैहान विक्रम चैधरी अर्चना जोशी श्रद्धा शर्मा रेखा शर्मा प्रीति पाराशर एवं विद्यालय के समस्त कार्मिक एवं छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## जे.के.सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा-मांगरोल प्लांट में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा -मंगरोल प्लांट परिसर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। दोनों इकाइयों में यह समझ यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के साथ ही कैलाश विद्या विहार के बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया इसके पश्चात मुख्य अतिथि मनीष तोषनीवाल ने परेड की सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने देश की प्रगति से अवगत कराते हुए कहा कि नया भारत सबको साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। देश आज विश्व शक्ति बनने के लिए जो निरंतर प्रगति और उन्नति की है वह अपने आप में यह बताती है कि भारत विश्व में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। तोषनीवाल ने कहा कि हम सभी की भी जिम्मेदारी हे की हम सकारात्मक रहकर आत्मविश्वास रखते हुए नई दक्षताएं विकसित करें एवं निरन्तर आगे बढ़े और देश की प्रगति में भागीदार बने। समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों ने मनमोहक देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुति पेश कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके साथ ही, कर्मचारियों के बच्चों ने विभिन्न देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर टेक्निकल हेड राजेश सोनी, कमर्शियल हेड मनोज सोनी, सुरक्षा प्रमुख्य अंकुर महाराज सिंह, इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन हेड मोह.करीम, मैकेनिकल हेड शांतिलाल जैन,इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी हेड मुकेश वासवानी, क्वालिटी कण्ट्रोल से धनञ्जय साहू ,सिविल हेड रंजीत गंगोपाध्याय, आई आर हेड रानू नायक,मानव संसाधन टीम से मोहसिन खान, जीतेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। वहीं जे.के. सीमेंट मंगरोल प्लांट में टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लड्ढा के मुख्य अतिथि स्वतंत्रता दिवस हरसोला से मनाया गया। इस अवसर पर जे.के.सीमेंट मंगरोल प्लांट के तकनीकी प्रमुख मुरली मनोहर लड्ढा ने उपस्थित जनसमूह और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की प्रगति और जे.के. सीमेंट की निरंतर वृद्धि में कर्मचारियों के अमूल्य योगदान एवं परिश्रम की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि मुरली मनोहर लड्ढा ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प में जेके सीमेंट मंगरोल प्लांट नवाचार सतत विकास और अपनी उत्कृष्ट टीम की कार्यकुशलता के बल पर सदैव अग्रसर रहेगा। समारोह के दौरान संस्थान की उन्नति में कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारियों, विभिन्न विभागों की टीमों और सभी सदस्यों ने जेके सीमेंट की प्रगति,



व्यावसायिक सफलता और राष्ट्र-निर्माण की इस गौरवशाली यात्रा में अपनी पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर तकनीकी विभाग से दीपक सोनी, किशोर शर्मा, जगन्नाथ अड़की, विशाल लड्ढा, चंचल राजपूत, सुरेंद्र जोशी, विकेश जैन, अरविंद दास, सुयश द्विवेदी, पंकज बाबेल, कमल सनाढ्य, सेफ्टी विभाग से मुकेश कुमार सिंह, भुवनेश सिंह (वरिष्ठ प्रबंधक), एच.आर. विभाग से संदीप चौधरी, तथा सुरक्षा विभाग से अनुज सिंह, शिव पाल सिंह एवं रण सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रमिक संघ अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया एवं महामंत्री धर्मपुरी गोस्वामी सहित कई कर्मचारी और श्रमिक साथी मौजूद रहे।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक – प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक – वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय –902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

# श्री सीमेंट यूनिट में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**मसूदा (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार को भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीमेंट लिमिटेड, ब्यावर यूनिट में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं यूनिट हेड विकाश सिंघल के आगमन एवं स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया। विकाश सिंघल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी ने पूरे सम्मान एवं गर्व के साथ राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाकर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इसके बाद सीमेंट सुरक्षा विभाग के जवानों, विद्यालयी छात्र-छात्राओं एवं स्कूल बैंड दल ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। परेड विसर्जन के पश्चात राष्ट्रीय एकता, शांति और समृद्धि के संदेश के साथ रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। अपने संबोधन में यूनिट हेड विकाश सिंघल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि सीमेंट आज देश की अग्रणी सीमेंट कंपनियों में शामिल है और गुणवत्ता, नवाचार, ऊर्जा दक्षता तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर नए मानक स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि ब्यावर यूनिट ने उत्पादन, सुरक्षा, गुणवत्ता, सतत विकास तथा सामुदायिक उत्थान के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कंपनी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, कौशल विकास और सामाजिक विकास के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और सहयोगी वर्ग के समर्पण एवं मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही कंपनी नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। समारोह के दौरान सेंट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

विद्यार्थियों ने अनुशासित ड्रिल प्रदर्शन, देशभक्ति पर आधारित विशेष नृत्य तथा राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति को प्रदर्शित करता मनोहारी राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे परिसर को देशभक्ति एवं उत्साह के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के कर्मचारियों के प्रतिभाशाली बच्चों एवं विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक, खेल एवं अन्य उत्कृष्ट



उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर यूनिट के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, स्टाफ, कर्मचारी, गांवों के गणमान्यजन, सीमेंट कॉलोनीवासी तथा आसपास के ग्रामीणजन अपने परिवारों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के अंत में आशीष वर्मा ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रभक्ति की भावना और 'भारत माता की जय' के जयघोष के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## आयुर्वेद चिकित्सालय में शल्य कक्ष उपकरण भेंट

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, शाहपुरा में शल्य कक्ष (ऑपरेशन थिएटर) के लिए उपकरण भेंट एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय संरक्षक एवं भामाशाह रामेश्वर काबरा ने करीब 80 हजार रुपये की लागत के अत्याधुनिक शल्य कक्ष उपकरण चिकित्सालय को भेंट किए।

## न्यायालय श्रीमान् न्यायिक मजि. साहब क्र.सं.3 बून्दी, राज.

वाद संख्या 01/2024

प्रभूलाल बनाम शिवराज

प्रतिवादीगण 1-शिवराज पुत्र गोपाल काछी निवासी सिलोर हाल निवास भितरिया कुण्ड लाडपुरा कोटा, 2-कंचन बेवा गोपाल निवासी सिलोर निवास भितरिया कुण्ड लाडपुरा कोटा, 3-पप्पू आत्मज गणेश निवासी सिलोर निवास भितरिया कुण्ड लाडपुरा कोटा, 4-प्रेम बाई पुत्री गणेश निवासी सिलोर तहसील व जिला बून्दी राज., 5-चन्दा पुत्री गणेश निवासी सिलोर तहसील व जिला बून्दी राज., 6-गीता पुत्री गणेश निवासी सिलोर तहसील व जिला बून्दी राज. मु को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वाद संख्या 01/2024 बउनवान प्रभूलाल बनाम शिवराज माननीय न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आगामी पेशी 27.08.2026 नियत है।

माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 22/07/2026 के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/8/2026 को प्रातः 10.00 बजे माननीय न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित तिथि पर आप उपस्थित नहीं होते हैं, तो वाद का निर्णय आपके विरुद्ध एकपक्षीय किया जा सकता है।

आदेश आज दिनांक 22.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय की मुहर

अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश
क्रम सं. 3, बून्दी (राज.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत-भोपजी का बास
### पंचायत समिति-मौलासर (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांकः ग्रा.पं./निविदा/2026-27/177 दिनांक : 16.08.2026

### निविदा सूचना /2026-27

ग्राम पंचायत भोपजी का बास, पंचायत समिति मौलासर में करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

**NIB No.**-ZNR2627A0842

**UBN No.**-ZNR2627WSOB01074

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत-भोपजी का बास | ग्राम पंचायत-भोपजी का बास |
| पंचायत समिति, मौलासर | पंचायत समिति, मौलासर |

## पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रकाश टांक निर्विरोध अध्यक्ष चुने



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** टांक (कलाल) मेवाड़ मन्दारिया चौखला समाज की आमसभा की बैठक धोली मंगरी माता जी परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल टांक, ज्ञानगढ़ ने की। इस अवसर पर समाज के संरक्षक बालस्वरूप रायला, मनोहरलाल ज्ञानगढ़, शांतिलाल करेड़ा, रमेश टांक निम्बाहेड़ा, भैरूलाल बोराणा, बाबूलाल मोखुन्दा सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष सुनील टांक, रायपुर ने समाज की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद आमसभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रकाश टांक, बोराणा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी में प्रेमजी टांक, रायला एवं दुर्गेश टांक, ज्ञानगढ़ को उपाध्यक्ष, सुनील टांक, रायपुर को कोषाध्यक्ष, सुनील टांक, करेड़ा को सचिव, राहुल टांक, डेलाना को सह-सचिव तथा सुनील टांक, कोशिथल एवं गोपाल टांक, टीपूनाड़ी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही पांच अन्य सदस्यों को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक में समाज की एकता बनाए रखने, संगठन को मजबूत करने, समाजहित के कार्यों को गति देने तथा सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान समाजहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद उपस्थित समाजजनों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा समाज के विकास और उत्थान के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सड़कों पर बेसहारा गोवंश का तांडव कागजों में सिमटा लाखों का टेंडर, सांड के हमले से अधिवक्ता जयपुर रेफर

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय की सड़कों पर आवारा गोवंश का आतंक दिन-ब-दिन जानलेवा होता जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी और भ्रष्टाचार के चलते शहर की सड़कें हादसों का केंद्र बन चुकी हैं। प्रतिवर्ष लाखों रुपये का टेंडर जारी कर गोवंश को पकड़ने और गौशालाओं में पहुंचाने का दावा किया जाता है, लेकिन धरातल पर स्थितियां इसके ठीक उलट हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गोवंश को केवल कागजों में पकड़कर गौशाला में दाखिल दिखाया जाता है और बाद में चुपचाप सड़कों पर छोड़ दिया जाता है, जिससे बजट का पूरा उठाव कर लिया जाए। **48 घंटे में दो बड़े हादसे, एक की हालत नाजुक** हाल ही में हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है.नागौर रोड पुलिया पर हादसाः लालबाग कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय अधिवक्ता लाल सिंह पुत्र उज्जैन सिंह नागौर रोड पुलिया से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक गोवंश ने उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत उन्हें राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया। इससे पूर्व शहर के समाजसेवी रोहिणी कुमार को भी एक सांड ने पटक दिया। हमले में रोहिणी कुमार के सिर में करीब 10 टांके आए हैं और शरीर में कई जगह गंभीर चोटें पहुंची हैं।



**कागजी खेल और उठते सवाल** स्थानीय निवासियों और शहरवासियों ने नगर परिषद की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जनता का कहना है कि जब सरकार गौशालाओं को भारी अनुदान दे रही है और नगर परिषद गोवंश पकड़ने के नाम पर भारी-भरकम राशि खर्च कर रही है, तो शहर की मुख्य सड़कों और चौराहों पर जमा ये पशु कहां से आ रहे हैं यह सीधे तौर पर टेंडर प्रक्रिया में फर्जीवाड़े और बजट की हेराफेरी की ओर इशारा करता है। आवारा पशु न केवल राहगीरों और वाहन चालकों की जान ले रहे हैं, बल्कि खुद भी दुर्घटनाओं का शिकार होकर दम तोड़ रहे हैं।

## मकराना में हर्षोगास से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** मकराना में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोगास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं में स्वाधीनता दिवस के मौके पर अनेक प्रकार के देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। जबकि खिलेरियानाड़ा खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह की अध्यक्षता विधायक जाकिर हुसैन गैसावत ने की।

जबकि समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मकराना बाबूलाल जाट थे। कार्यक्रम में मकराना क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों का



उत्साह वर्धन किया। शनिवार की सुबह 8:30 बजे नगर परिषद सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। इसके बाद सुबह 9:30 बजे मुख्य समारोह में अतिथियों ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शारीरिक व्यायाम, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। समारोह को विधायक जाकिर हुसैन गैसावत, उपखंड अधिकारी बाबूलाल जाट एवं पंचायत समिति की निवर्तमान प्रधान सुमिता भींचर ने संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों, समाजसेवियों एवं भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक विक्की नागपाल, निवर्तमान सभापति समरीन भाटी, नगर परिषद मकराना के आयुक्त सुनील कुमार चौधरी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. रामनिवास आंवला, शीशराम चिनानिया, अब्दुल रऊफ, रामदेव पारीक, जीशान गैसावत, महेंद्र चौधरी, अयूब खां, बलवीर खान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## अमरगढ़ के हवलदार सुनील काठात का नसीराबाद विधायक ने किया स्वागत

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** लामाना के अमरगढ़ गांव निवासी भारतीय सेना के हवलदार सुनील काठात पुत्र रीमा काठात ने भारत और विश्व के सबसे ऊंचे एवं चुनौतीपूर्ण सैन्य क्षेत्रों में शामिल सियाचिन ग्लेशियर में अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण किया। सियाचिन में अत्यंत निम्न तापमान, प्रतिकूल मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच भारतीय सेना के जवान राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा के लिए निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। हवलदार सुनील काठात ने 8 ग्रेनेडियर्स बटालियन में सियाचिन ग्लेशियर जैसे दुर्गम क्षेत्र में कठिन सेवाएं देने के बाद सकुशल गांव लौटने पर नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ने उनका स्वागत किया।

### बालाजी नवयुवक मंडल द्वारा कावड़ यात्रा का पोस्टर विमोचन

**कुचामन सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** श्रावण मास के पवित्र माह में नली का बालाजी मंदिर स्टेशन रोड पर कांवड़ यात्रा का पोस्टर विमोचन सभी शिवभक्तों ने मिलकर बालाजी मंदिर में किया, यात्रा 23 अगस्त को काव्य ऋषि कुंड के लिए प्रस्थान करेगी तथा 24 अगस्त को आगमन के साथ जलाभिषेक किया जाएगा।

ADVT

## ब्रिज पर लगी बेरिकेडिंग से कैंपर टकराई, दो की मौत

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** मकराना शहर के मंगलाना आरओबी पर पिकअप कैंपर गाड़ी आरओबी पर लगे बेरिकेडिंग से टकरा गई, जिससे दो जनों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कैंपर गाड़ी में सवार होकर कुछ लोग और महिलाएं बेड़वा (मौलासर) से पुष्कर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि कैंपर गाडी में 4 महिलाएं और 4 पुरूष सवार थे। जिनमें से 3 जने कैंपर के पीछे खड़े हुए थे। रास्ते मे मकराना के मंगलाना रोड़ पर आरओबी पर बड़े वाहनों को रोकने के लिए लगाई गई बेरिकेडिंग से यह गाडी टकरा गई। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। इस हादसे के बाद ड्राइवर उन्हें एक नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गया। जहां से उन्हें सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। इसके पश्चात शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने विकास पुत्र बालाराम उम्र 18 वर्ष निवासी बेड़वा मौलासर व दुर्गाराम पुत्र नारायणराम उम्र 21 वर्ष निवासी बेड़वा मौलासर को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि घायल जयसिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी बेड़वा को उपचार हेतु हायर सेन्टर रेफर किया गया है। वहीं सुशीला कंवर, गीता देवी सहित दो और महिलाएं बेड़वा से पुष्कर जा रहे थे। इस घटना के बाद मकराना पुलिस को सूचित किया गया तो मकराना पुलिस के अधिकारी भी राजकीय अस्पताल पहुंचे और मकराना पुलिस ने परबतसर पुलिस को इत्तला दी। इस इत्तला पर परबतसर पुलिस के सहायक थाना प्रभारी अधिकारी विरेंद्र सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही परबतसर पुलिस ने घटना स्थल का भी मौका मुआयना किया। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों मृतकों के शव राजकीय उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया है। दोपहर के पश्चात आवश्यक कार्रवाही के साथ ही शवों का पोस्टमार्टम करवाया जाकर परिजनों को सुपूर्द कर



दिया गया है। वही इस घटना के बारे में मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत को जानकारी हुई तो वे भी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना के कारणों को लेकर लोगों से जानकारी ली। विधायक ने कहा कि ब्रिज के निर्माण की कार्रवाही को लेकर सरकार की ओर से कई बार आग्रह किया गया। साथ ही अधिकारियों को भी इस समस्या के समाधान हेतु कहा गया। अधिकारियों की ओर से अब तक इस संबंध में किसी भी प्रकार से कार्रवाही नहीं की गई। जिसके कारण यह ब्रिज लगातार हादसों का कारण बनने लगा है। ब्रिज के निर्माण की कार्रवाही शीघ्र की जाकर आम नागरिकों को राहत प्रदान की जावें।

# बीकानेर में भव्यता से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



# मुख्यमंत्री ने गिनाई राजस्थान की विकास उपलब्धियां

## 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही-भजनलाल शर्मा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 80वां स्वतंत्रता दिवस राज्य स्तरीय समारोह राष्ट्रभक्ति और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। समारोह में पहली बार राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन भी हुआ।

विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों और स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक भावना के अनुरूप राजस्थान सिविल संहिता-2026 लाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने अपराध एवं भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति, राजस्थान अशांत क्षेत्र कानून तथा धर्मांतरण रोकने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख किया।



उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। जल सुरक्षा के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल परियोजना पर काम जारी है। राजस्थान सौर ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। पिछले 31 माह में 18 हजार किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण हुआ है।

मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की वार्षिक सहायता 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किए जाने, नए कृषि कनेक्शन, ब्याजमुक्त फसली ऋण तथा गेहूं पर बोनस जैसी उपलब्धियां गिनाईं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1,450 रुपये प्रतिमाह करने, महिला सशक्तीकरण, लाडो प्रोत्साहन योजना और लखपति दीदी कार्यक्रम का भी उल्लेख किया।

समारोह में प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पदक एवं योग्यता प्रमाण-पत्र तथा समाजसेवा, पर्यावरण, कला और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने 50 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य का आह्वान करते हुए बताया कि अब तक 24 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।











मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर में फतेहसागर झील की पाल पर मॉर्निंग वॉक करते हुए आमजन से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने लोगों के साथ चाय की चुस्कियां लीं और बुजुर्गों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को दुलार करते हुए उन्हें चॉकलेट्स दी। मुख्यमंत्री के सहज व्यवहार से आमजन में उत्साह का माहौल नजर आया। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद मन्नालाल रावत एवं विधायक फूल सिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ रहे।

## उड़ता तीर

.........प्रदीप लोढ़ा

### प्रवासी सम्मेलन में जुटे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिसंबर में होने वाले प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन के लिए जुट गए हैं, पिछले सप्ताह इस संदर्भ में बेंगलुरु में कार्यक्रम करके आ गए हैं मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी सम्मेलन के लिए पूरी तैयारी देखी जा रही है मुख्यमंत्री इस बार इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की कोशिश में है क्योंकि इस बार जो इन्वेस्टमेंट आ जाएगा वह चुनाव तक जमीन पर साकार होने लगेगा। फिर पिछले दो सम्मेलन से मुख्यमंत्री ने कई चीजे देख और समझ ली थी इसलिए इस बार पहले से बेहतर और प्रभावी कार्यक्रम होगा।

### चल पड़ी चुनावी ट्रेन।

309 शहरी निकायों प्रमुखोंऔर 41 जिला प्रमुख के पदों के लिए आरक्षण लॉटरी निकलने के साथ ही चुनावी ट्रेन चल चुकी है, हाई कोर्ट के कड़े निर्देश के बाद हो रहे इन चुनाव को लेकर लॉटरी निकलने से पहले कई तरह की चर्चा चल रही थी पर अब बात आगे बढ़ गई है सोमवार को पार्षदों की लॉटरी भी निकल जाएगी इसी के साथ चुनावी तस्वीर साफ होने लगेगी क्योंकि आरक्षित वार्ड होने से कई को मौका मिलेगा तो कई स्थानीय नेताओं के सपने चूर हो जाएंगे। वार्ड की तस्वीर से ही आगे प्रमुख की भी तस्वीर साफ होने लगेगी क्योंकि प्रमुख पार्षदों में से ही और पार्षदों के द्वारा चुना जाना है।

### कटौती या चाल।

309 शहरी निकायों और 41 जिला प्रमुखों की निकली आरक्षण लॉटरी को लेकर चर्चा है कि ओबीसी आरक्षण निर्धारित निर्देशों से कम मिला है यह कटौती किस स्तर पर हुई है पता नहीं लेकिन चर्चा यह भी है कि यह सब जानबूझकर तो नहीं किया गया है ताकि बखेड़ा खड़ा हो जाए तथा कोई कोर्ट में जाकर चुनाव पर ही स्टे लेकर आ जाए, कहां जा रहा है कि सरकार अगले वर्ष चुनाव कराने के मूड में थी और है। जानकार मान रहे हैं कि यह गलती जानबूझकर तो नहीं होगी।

### गुफ्तगू के मायने।

स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस के दिन शाम को राज भवन में महामहिम राज्यपाल द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के लिए एट होम हमेशा चर्चित रहता है क्योंकि आपस में मेल मिलाप का यह बहुत बड़ा स्थल माना गया है, एक वरिष्ठ आईएएस ओर आईपी एस अधिकारी के बीच कार्यक्रम के दौरान ही 20 मिनट तक चली गुफ्तगू ने कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है कुछ कह रहे हैं कि पुरानी फाइल बंद होने की बात थी कुछ मान रहे थे कि भ्रष्टाचार की नई फाइलें खुलने वाली है।

### सूची पहले या बाद ।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की सूची लंबे समय से प्रतीक्षारत है सभी अन्य की सुचिया आ चुकी है, अगले कुछ घंटे में चुनाव की आचार संहिता लगनी है, आने वाली सूची क्या-क्या आचार संहिता से पहले आएगी अथवा आचार संहिता लगने के बाद आएगी, माना जा रहा है बाद में आई तो सूची में जिला कलेक्टर शायद ही होंगे और पहले आई तो जिला कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं।

### चुनाव का असर।

प्रदेश में पंचायत और पालिका चुनाव का बिगुल बज चुका है, चुनाव मैदान में उतरने वालों ने अपना मन बना लिया है पार्षदों की लॉटरी खुलने के बाद ही नाम खुलकर सामने आ जाएंगे लेकिन इस बीच पार्टी के कार्यक्रम में रौनक और उत्साह बढ़ गया है, भाजपा की तिरंगा रैली आशा से अधिक सफल हो गई है वहीं कांग्रेस में भी धरने प्रदर्शन में भीड़ बढ़ गई है दोनों पार्टियों के दफ्तर में भी रौनक पहले से ज्यादा है हो गई है।

### यू सी सी पर मोहर।

राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य में यू सी सी कानून इसी सत्र में लाने का फैसला कर लिया है इस बहुचर्चित कानून से सत्ता और विपक्ष में विधानसभा सत्र के दौरान टकराव भी होगा वहीं सरकार आक्रामक मूड में भी दिखेगी। बहु विवाह प्रथा पर लगाम के चलते कई सामाजिक संगठन खिलाफत भी कर सकते हैं वहीं पारिवारिक संपत्ति में पुत्र पुत्री के बराबर हक से कई परिवारों में संपत्ति को लेकर टकराव भी हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।


















# आंतरिक स्वतंत्रता और ब्रह्मज्ञान के संदेश संग मुक्ति पर्व का भव्य आयोजन

## मन के बंधनों से आजादी ही वास्तविक मुक्ती : सुदीक्षा महाराज

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** संपूर्ण भारतवर्ष जहाँ स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति, गौरव और उल्लास के साथ मना रहा था, वहीं संत निरंकारी मिशन ने इस ऐतिहासिक अवसर पर ब्रह्मज्ञान द्वारा प्रदत्त आंतरिक स्वतंत्रता के दिव्य संदेश को भी जन-जन तक पहुँचाया। यह पर्व इस सत्य को साकार करता है कि वास्तविक मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि अज्ञान, अहंकार और भेदभाव से मुक्त होकर आत्मबोध एवं परमात्मबोध की अनुभूति में निहित है। मुक्ति पर्व का यह पावन अवसर संपूर्ण विश्व में उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। विदेशों की विस्तृत कल्याणकारी प्रचार यात्रा के सफल आयोजन से विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु भक्त भाव-विभोर हो उठे।

बाबा हरदेव सिंह मार्ग स्थित सत्संग भवन परआयोजन में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के? इस संदेश सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि नफरत, अहंकार, छोटी सोच और पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में है। हर सांस में निराकार का एहसास रखते हुए प्रेम, भक्ति और स्वीकार्यता से जीना ही जीते-जी मुक्ति है। महात्मा किशन चंद ने कहा परिस्थितियां कैसी भी हों, भीतर की शांति, प्रेम और सकारात्मकता की रोशनी सदैव कायम रखें। संतों की शिक्षाओं को केवल सुनना नहीं, बल्कि विचार, कर्म और जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना और मुक्ति का मार्ग है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालु भक्तों ने उन महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए, जिनके त्याग एवं समर्पण ने मानवता को मुक्तिमार्ग की ओर अग्रसर किया। साथ ही विश्वभर में मिशन की विभिन्न शाखाओं में भी 'मुक्ति पर्व' के अवसर पर विशेष सत्संग का आयोजन कर इन महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। महेश चांदवानी ने बताया'मुक्ति पर्व' का आरम्भ




वर्ष 1964 में जगत माता बुद्धवंती जी की पावन स्मृति में हुआ। वर्ष 1969 में शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी के ब्रह्मलीन होने के उपरांत यह दिवस 'शहनशाह-जगतमाता दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाने लगा। वर्ष 1979 में संत निरंकारी मंडल के प्रथम प्रधान संत लाभ सिंह जी की स्मृति को भी इस दिवस से जोड़ते हुए बाबा गुरबचन सिंह जी ने इसे 'मुक्ति पर्व' के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर निरंकारी राजमाता जी के भक्तिमय जीवन तथा उनके द्वारा दी गई अनमोल सिखलाईयों का भी जिक्र किया।

# छोटीखाटू मे स्वतंत्रता दिवस मनाया

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के निर्भय स्टेडियम मे सामूहिक 80 वॉ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें अथिति नगर पालिका चौयर मैन रणवीरसिंह राठौड़, उप चौयर मैन निर्भयराम गहलोत, पूर्व सरपंच कल्याण सिंह, पूर्व सरपंच गजराज बेताला, पूर्व सरपंच मेघाराम दन्तुलिया, भाजपा मण्डल लक्ष्मण सिंह राठौड़, पूर्व उप सरपंच ताराचंद धारीवाल, सुरेश भाटी, कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष तिलोकचंद मारोठिया, डॉ राजेश बलारा, भंवर सिंह कोनियाड़ा, डॉ हेमराज बागड़ी, रवि धारीवाल का प्रधानाचार्य सुखवीर डूडी प्रधानाचार्य भगवतीप्रसाद नांगलिया, प्रधनाचार्या डॉ लेखा चौधरी, एंव विधालय स्टाफ् ने माला पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा झण्डा रोहण कर किया गया व राष्ट्रगान के साथ किया और पी टी आई रामनिवास बैन्दा व जितेंद्र सिंह ने व्याम प्रदसन करवाया।



नगरपालिका द्वारा बोर्ड परीक्षा सतर 2025 - 26 मे कक्षा 12 वी विज्ञान वर्ग, कला वर्ग, वणीज्य वर्ग, कृषि विज्ञान वर्ग और कक्षा 10वीं रहने विधार्थी को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, वही पूर्व सरपंच चेनसुख शारदा की स्मृति मे उनके परिवारजनों दवारा कक्षा 10 वी मे सेंटर टॉपर प्रीस्टार पब्लिक स्कूल की विधार्थी पलक अटल को 11 हजार का नगद पुरस्कार देकर समानित किया। वही भामाशाह डॉ राजेश बलारा, डॉ दिलीप चौधरी, ताराचन्द धरीवाल, मोहम्मद शरीफ, लक्ष्मण सिंह, गौतमचंद धारीवाल द्वारा भी बोर्ड परीक्षा टॉपर विद्यार्थियों सम्मानित किया गया। निजी विधालयो ने अपने अपने प्रगंण स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहन किया। इस अवसर पर वाईस प्राचार्य लियाकत अली शेरानी का 30 दिसम्बर 2026 को सेवानिवृति होने से पूर्व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सुगनाराम, धनपत चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी करवाई। मंच संचालन लियाकत अली शेरानी, भंवरलाल चोयल, अनिल टेलर ने किया। इस अवसर पर भोमाराम सियाग, श्याम सुन्दर पारीक, मुलचन्द जादम, धाराराम खिलेरी, सुशीला, बबिता चौधरी, विनोद रोज, सुनिता चौधरी, महेंद्र रिनवा, मधुसुदन चारण, सुनिता चौधरी, अनुप्रिया सैनी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 9.5 सेंटीमीटर के जटिल किडनी ट्यूमर का सफल ऑपरेशन, आंतों को भी बचाया



**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** दाईं किडनी में मौजूद करीब 9.5 सेंटीमीटर के विशाल और जटिल ट्यूमर ने 68 वर्षीय सरस्वती देवी के इलाज को बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया था। ट्यूमर डुओडेनम और बड़ी आंत से मजबूती से चिपका हुआ था, ऐसे में सर्जरी के दौरान इन महत्वपूर्ण अंगों को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती थी। ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. गजेन्द्र नागर एवं उनकी टीम ने चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। किडनी सहित पूरा ट्यूमर निकाल दिया गया, जबकि डुओडेनम और बड़ी आंत को सुरक्षित रखा गया। बूंदी जिले के तालेड़ा निवासी सरस्वती देवी की जांच में दाईं किडनी में 9.5 म 4.2 म 7.7 सेंटीमीटर आकार का ट्यूमर सामने आया था। ट्यूमर आसपास के अंगों से चिपका होने के कारण सामान्य सर्जरी की तुलना में मामला काफी जटिल था। विशेषज्ञ टीम ने ओपन रैडिकल नेफ्रेक्टॉमी के जरिए किडनी एवं ट्यूमर को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और तेजी से रिकवरी हो रही है। डॉ. गजेन्द्र नागर ने बताया कि पेशाब में खून आना, लगातार कमर या पेट में दर्द, पेट में गांठ महसूस होना अथवा अचानक वजन कम होना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और विशेषज्ञ उपचार से किडनी के गंभीर एवं जटिल रोगों का भी प्रभावी उपचार संभव है। ईथॉस हॉस्पिटल के निदेशक प्रदीप दाधीच ने कहा कि हाड़ौती क्षेत्र के मरीजों को जटिल बीमारियों के उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर जाने की जरूरत कम हो, इसके लिए अस्पताल में आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर लगातार जोर दिया जा रहा है।

## विद्युत विभाग के सहायक लेखाधिकारी खेमराज गुप्ता को जयपुर में मिला सम्मान

**भवानी मंडी (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भवानीमंडी के अस्सिटेंट अकाउंट्स ऑफिसर खेमराज गुप्ता को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर डिस्कॉम स्तर पर जयपुर में सम्मानित किया गया। मेड़तवाल समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि ओल्ड पावर हाउस, बनी पार्क, जयपुर में आयोजित जेवीवीएनएल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहायक अभियंता कार्यालय भवानीमंडी के सहायक लेखाधिकारी खेमराज गुप्ता को जयपुर विद्युत वितरण निगम की चेयरमैन आरती डोगरा (ङ्कस्) के द्वारा लेखा संवर्ग में उत्कृष्ट कार्यो के लिए जयपुर डिस्कॉम स्तर पर सम्मानित किया गया।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए ग्राम विकास अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित सम्मानित



**नागौर (हुक्मनामा समाचार)।** थांवला। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए थांवला कस्बे के ग्राम विकास अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित को जिला प्रशासन नागौर की ओर से सम्मानित किया गया। नागौर जिला कलेक्टर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उनकी सेवाओं की सराहना की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में थांवला के ग्राम विकास अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित को ग्रामीण विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में बेहतर योगदान, जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण तथा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान के लिए चुना गया। जिला कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए जाने पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नरपत सिंह राजपुरोहित को बधाई दी। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। ग्राम विकास अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित ने सम्मान के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में आमजन की समस्याओं का समाधान करना और ग्रामीण क्षेत्र के विकास में योगदान देना उनकी प्राथमिकता है।

# डीडवाना में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मूर्ति अनावरण

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना में हॉस्पिटल चौहराया पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बांगड़े राजस्थान सरकार, राज्य सभा सांसद सतीश पुनियां, कृषि मंत्री अश्वनी गहलोत राजस्थान सरकार, सांगलिया धूणी पीठाधीश्वर ओमदास महाराज, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी आर चौधरी, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह जोधा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनिता रांदड़, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी, संघ संचालन रामअवतार सरार्प, भाजपा जिला महामंत्री बुद्धाराम गरवा, प्रधान सुनिता भींचर मकराना, किसान मोर्चा संयोजक श्याम प्रताप सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामाकिशन का दुपटा व मेमोटों देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मूति का फिता काट कर मूर्ति अनावरण किया और साथ ही दीपप्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर महामहिम हरिभाऊ बांगड़े ने पंडित दीनदयाल उपाध्यय के सिद्धांतो पर चलने की बात कही और साथ में राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा जनताहितार्थ योजनाओं के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोरोना काल में अन



योजना और मेडिकल योजना चला कर सभी देशवासियों को लाभाविन्त किया मोदी सरकार द्वारा धारा 370 हटाया, राम मंदिर का निर्माण करवा करवाने के साथ देश हित में अनेक योजनाओं को चला गया।

साथ ही पूर्व प्रधान अटल बिहारी वाजयपेई सरकार के समय ग्रामीण क्षेत्र गौरव पंथ सड़क का निमार्ण, पेंशन योजना, सहित कई योजनाओं के बारे बताया। पंडित दीनदलाय उपाध्यय की मूति हर गांव चौहराया पर होनी चाहिए और उनके सिंद्धान्तो को धारण करना चाहिए। वहीं स्वतत्रंण सेनानी कपूरचंद बेताला का दूपटा पहनाकर मेमोंटो भेंट कर सम्मान किया गया यह छोटीखाटू तहसील के लिए गर्व की बात है की राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रामीणों ने बेताला को सम्मानित होने पर बधाई शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ गजादान चारण ने किया। इस अवसर पर समाज सेवी व भामाशाह कपूरचंद बेताला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राठौड़ छोटीखाटू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य इन्द्र सिंह राठौड़ भाजपा महिला मंत्री अमीता भींचर, अजित सिंह, महावीर प्रसाद चर्तुवैदी सुरेन्द्र सिंह थेपड़ी, शिरू टाक, ओमसिंह तंवर, प्रविण बेताला, डॉ राजेश बलारा, भंवरसिंह कोनियाड़ा, रामदेव भींचर, मुरारीलाल शर्मा, रमेश शर्मा, राकेश सिंह कोनियाड़ा सहित अन्य सैकड़ो पदाधिकारी व हजारों कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# नूवा में 1008 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक, 51 जोड़ों ने किया पूजन

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कृष्ण गौशाला नूवा में रविवार को गौसेवा, धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। संत सान्निध्य में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। पूरे दिन गौशाला परिसर भगवान शिव के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। गौ संवर्धन पर्यावरण संरक्षण समिति सीकर के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी संत चंद्रमा दास जी महाराज एवं सीकर जानकी वल्लभ मंदिर के महंत मधुसूदनाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में विधिवत गौमाता पूजन से हुआ। इसके बाद संतों के कर-कमलों से गौशाला परिसर में नवनिर्मित विशाल टीन शेड का लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि मुंबई निवासी भामाशाह हरीश कुमार अग्रवाल ने 5 लाख 21 हजार रुपये का सहयोग देकर गायों के लिए 120 फीट लंबा एवं 40 फीट चौड़ा टीन शेड बनवाया है। नवीन शेड से गौशाला में गोवंश को धूप, बारिश एवं मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा। इस पुनीत कार्य के लिए ग्रामीणों एवं गौशाला समिति ने भामाशाह हरीश कुमार अग्रवाल का आभार जताया। समिति के सचिव ओमप्रकाश कुमावत ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान के तहत 21 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 1008 पार्थिव शिवलिंग का विधिवत रुद्राभिषेक करवाया गया। रुद्राभिषेक में 51 जोड़ों ने सपत्नीक बैठकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मंत्रोच्चार के बीच हुए सामूहिक रुद्राभिषेक से पूरा गौशाला परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। रुद्राभिषेक के दौरान भगवान शिव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन में महिलाओं की विशेष रूप से बड़ी संख्या में सहभागिता रही। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की। संतों ने अपने संबोधन में गौसेवा, गौ संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों से गोवंश की सेवा और



संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक दायित्व ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयाल सिंह शेखावत, सुरेश चोटियां, अशोक कुमार शर्मा, सीताराम कुमावत, विक्रम सिंह, मीरा कुमावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक, ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक अनुष्ठान, संतों का सान्निध्य, सामूहिक रुद्राभिषेक और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के चलते कृष्ण गौशाला नूवा पूरे दिन आस्था, भक्ति और गौसेवा का प्रमुख केंद्र बनी रही। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने गौसेवा एवं गौ संरक्षण के संकल्प के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर सामान्य महिला आरक्षण ने बढ़ाई सियासी धड़कनें,

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर नगरपालिका अध्यक्ष पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित होते ही शहर की सियासत में अचानक हलचल तेज हो गई है। पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसे लेकर गली-मोहल्लों से लेकर राजनीतिक चौपालों तक संभावित दावेदारों के नामों पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। महिला आरक्षण ने कई राजनीतिक परिवारों और दावेदारों की रणनीति को नए सिरे से सक्रिय कर दिया है। हालांकि पालिकाध्यक्ष की कुर्सी की असली तस्वीर 17 अगस्त को होने वाली गंगापुर नगरपालिका के 25 वार्डों की आरक्षण लॉटरी के बाद ही साफ होगी। वार्डों का आरक्षण यह तय करेगा कि संभावित महिला दावेदारों में से किसकी राजनीतिक जमीन मजबूत है और किसके लिए अध्यक्ष पद तक पहुंचने की राह आसान अथवा मुश्किल होगी। ऐसे में लॉटरी को लेकर राजनीतिक गलियारों में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है। अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि 25 वार्डों में कौन-कौन से वार्ड महिला सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होते हैं। संभावित दावेदारों और उनके राजनीतिक समर्थकों की नजर लॉटरी के नतीजों पर टिकी हुई है। जिस वार्ड से मजबूत महिला चेहरा मैदान में उतर सकेगा, उसकी दावेदारी को स्वाभाविक रूप से अधिक मजबूती मिलने की चर्चाएं हैं। गंगापुर के नगरपालिका चुनाव को लेकर पहले से ही राजनीतिक सरगर्मियां बनी हुई हैं। अब अध्यक्ष पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद राजनीतिक दलों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले नेताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। संभावित दावेदारों के बीच कौन किस खेमे के करीब है, किसके पास पार्टी का समर्थन जुटाने की क्षमता है और कौन चुनाव के बाद अध्यक्ष पद के लिए मजबूत समीकरण बना सकता है, इन सभी मुद्दों पर चर्चाएं तेज हैं। राजनीतिक जानकारों की नजर अब केवल उम्मीदवारों पर नहीं, बल्कि वार्ड आरक्षण के बाद बनने वाले पूरे चुनावी गणित पर है। 25 वार्डों की लॉटरी के बाद कई दावेदारों के चेहरे खिल सकते हैं तो कई के अरमानों पर पानी फिर सकता है। फिलहाल गंगापुर की राजनीतिक चौपालों पर एक ही सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में है कि 17 अगस्त की लॉटरी किसके लिए लेकर आएगी खुशियों की सौगात और किसके लिए साबित होगी सियासी झटका? वार्ड आरक्षण की तस्वीर साफ होते ही संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता और बढ़ने के आसार हैं।

## जैन सोशल ग्रुप के रक्तदान शिविर हुआ 31 यूनिट रक्तदान



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** जैन सोशल ग्रुप बूंदी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन राजकीय चिकित्सालय बूंदी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 31 यूनिट रक्तदान हुआ । कार्यक्रम संयोजक सुनील- एकता पापड़ीवाल,मनीष-अनीता शाह एवं सुनील-निधि छाबड़ा ने बताया कि हर्ष वर्ष अगस्त के दूसरे सप्ताह में जैन सोशल ग्रुप द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जाता है जिसमें बूंदी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं पीएमओ डॉक्टर गोविंद गुप्ता रहे एवं विशिष्ट अतिथि दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनी रहे। पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं डॉक्टर गोविंद गुप्ता ने ब्लड बैंक में हो रहे खून की कमी के अवसर पर जेएसजी ग्रुप द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की प्रशंसा की। जैन सोशल ग्रुप के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र संगीता छाबड़ा एवं सदस्य निशांत-निकिता पाटौदी ने सह दंपति रक्तदान किया। लोकेश जैन एवं सम्यक जैन पिता पुत्र द्वारा रक्तदान करके सराहनीय कार्य किया सचिव दीक्षिता रॉबिन जैन द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया एवं सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह भी दिए गए। और अंत में ब्लड बैंक कि पूरे स्टाफ का सम्मान किया गया और सभी को धन्यवाद दिया गया।

## जी हॉस्पिटल में विशाल निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न




**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** हाड़ौती के प्रमुख मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जी हॉस्पिटल, रोड नं. 5, गोबरिया बावड़ी में 16 अगस्त को आयोजित विशाल नि:शुल्क हृदय रोग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में हाड़ौती क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ कार्डियोलॉजी परामर्श एवं विभिन्न नि:शुल्क जांच सुविधाओं का लाभ लिया। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश जिंदल, डॉ. निशांत सक्सेना एवं डॉ. रचित सक्सेना ने मरीजों की जांच कर उन्हें हृदय रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान, नियमित उपचार एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में महत्वपूर्ण परामर्श दिया। शिविर के दौरान मरीजों को नि:शुल्क कार्डियोलॉजी परामर्श, ब्लड शुगर, ॥ड्ड1८, लिपिड प्रोफाइल एवं कोलेस्ट्रॉल तथा थायरॉइड की नि:शुल्क जांच की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी कार्डियक जांचों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी उपलब्ध कराई गई। जी कार्डियक टीम ने बताया कि वर्तमान समय में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, तनाव, धूम्रपान एवं अनियमित जीवनशैली हृदय रोगों के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

## मदरसा गरीब नवाज में गूंजे देशभक्ति के तराने, धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के मदरसा गरीब नवाज में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदरसा परिसर को सजावटी गुब्बारों और फूलों से तिरंगे के तीन रंगों में आकर्षक रूप से सजाया गया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। समारोह की शुरुआत मदरसा अध्यक्ष न्याज़ खान द्वारा राष्ट्रध्वज फहराने के साथ हुई। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इस दौरान विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान और गौरव का भाव दिखाई दिया। कार्यक्रम में मदरसे के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की एकता, अखंडता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधान अध्यापक मोहम्मद हुसैन धोबी ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से देश की तरक्की में योगदान देने और आपसी भाईचारे व एकता की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हाजी रफीक सिलावट, हाजी मांगीलाल लोहार, समसूदीन, हाजी हुसैन खां फौजी सहित कई गणमान्य नागरिक, मदरसा स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरा मदरसा परिसर देशभक्ति के उत्साह से सराबोर रहा।

# स्वाधीनता संग्राम में संघ की भूमिका के अकाट्य तथ्य : मुरलीधर

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगाठ पर भारतीय जनकल्याण समिति, कोटा द्वारा सूरज भवन, बल्लभबाड़ी में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विभाग संघचालक पन्नालाल शर्मा ने की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, चितौड़ प्रांत के प्रान्त प्रचारक मुरलीधर ने कहा कि भारतीय इतिहास को धूमिल करने के प्रयास अब और नहीं टिकेंगे। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम में संघ की भूमिका के अकाट्य प्रमाण प्रस्तुत किये। मुख्य वक्ता मुरलीधर ने स्पष्ट किया कि भारत की आजादी बिना खड्ग-बिना ढाल से नहीं बल्कि क्रांतिकारियों के बलिदान और जनजन के संघर्षों का परिणाम है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संस्थापक केशवराव हेडगेवार एवं तत्कालीन स्वयंसेवकों की टोली ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

जो विरोधी संघ पर आरोप लगाते हैं उनको 'संघ और स्वतंत्रता आंदोलन' नामक पुस्तक पढ़नी चाहिए। डॉ हेडगेवार ने 8 वर्ष की उम्र में ही रानी विक्टोरिया के राज्यारोहण की हीरक जयंती पर मिठाई को सबके सामने कूड़ेदान में फेंककर विदेशी दासता का प्रतिकार किया था। वे अपने शेष जीवन में स्वाधीनता संग्राम से दूर रहे ऐसा कैसे हो सकता है। 1907 में नीलसिटी हाई स्कूल से उनको इसलिए निष्कासित किया गया कि उन्होंने पिछले रिस्ले सर्कुलर के विरोध में पूरे स्कूल को वन्देमातरम् और भारत माता की जय से गूंजायमान कर दिया। कलकत्ता में क्रांतिकारियों की अनुशीलन समिति में उनकी सक्रिय भूमिका रही जहाँ उन्हें 'कोकेन' छद्म नाम दिया गया। डॉ हेडगेवार ने पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव का रखा उन्होंने बताया कि 1920 में कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में संयुक्त सचिव के पद का निर्वहन करते हुए पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित करने को सर्वप्रथम आग्रह डॉ. हेडगेवार ने किया जिसे कांग्रेस के दूसरे नेताओं ने पारित नहीं किया, और यही प्रस्ताव कांग्रेस ने 1929 के लाहौर अधिवेशन में पारित किया। 1925 में क्रांतिकारी राजगुरु ने डॉ. हेडगेवार को पुणे नहीं आगे की सलाह दी। राजगुरु को पुणे आने पर गिरफ्तार किया गया और अंततः उन्हें फांसी दे दी गई।

डॉ. हेडगेवार के स्वाधीनता संघर्ष में सक्रिय रहने का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि 1930 में 11 माह की जेल काटकर रिहा होते समय मोतीलाल नेहरू, हाकिम अजमल खां और राजगोपालाचार्य जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जेल के बाहर उनको लेने आये। आजादी के लिये शहीद हुये कई स्वयंसेवक 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में 7 लोग गोली से शहीद हुए, उसमें से 2 लोग सक्रिय स्वयंसेवक थे। हेमू कालानी संघ के स्वयंसेवक थे जिनको 1943 में मौत की सजा दी गयी। 1947 में एक शाखा प्रमुख दादानाई को मौत की सजा मिली। एक शाखा प्रमुख रामदास की हत्या पुलिस की गोली से हुई।

आंदोलनरत स्वयंसेवक बालाजी रामदास को अंग्रेज पुलिस ने गोली मारी। मुरलीधर ने कहा कि विभाजन के समय हिंदुओं को पाकिस्तान से बचाकर भारत लाने की आंखों देखी बातें आज भी कोटा में वयोवृद्ध स्वयंसेवक लद्दाराम से सुनी जा सकती हैं। भारत विभाजन में हिंदुओं पर जो भीषण अत्याचार हुए उन्हें नई पीढ़ी से नहीं छिपाया जा सकता। देश की जनता ने स्वतंत्रता का क्या मूल्य चुकाया इस पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता है।

1947 में असंख्य कांग्रेस नेताओं को विस्थापन के पश्चात शरण देने वाले स्वयंसेवकों के नाम गिनाये जा सकते हैं, जिनका अरुणा आसफ अली जैसे कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक रूप से आभार प्रकट किया। मुरलीधर ने आम नागरिकों से विकसित और अखंड भारत के लिए कर्तव्य निर्वहन करने का आग्रह किया। समारोह में अखिल भारतीय सामाजिक सद्भाव कार्य के प्रमुख आ. बलिराम, विभाग संघचालक पन्नालाल, महानगर संघचालक गोपाल गर्ग, वयोवृद्ध प्रचारक राजेन्द्र द्विवेदी एवं कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## पचपहाड में भगवान शिव की भव्य शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई



**भवानीमंडी (हुक्मनामा समाचार)।** पचपहाड़ कस्बे मै पिपलाद नदी के तट पर स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर शिवालय से भव्य शाही सवारी बड़े धूमधाम से निकाली गयी. शाही सवारी दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होकर ढ़ोल धमाके डीजे बेंड तासे डमरू के साथ सवारी शिवालय से शीतला माता मार्ग, कुम्हार मोहल्ला, खारी कुइया, तहसील मार्ग, भेसोदा दरवाजा, गणेश चौक, राम मंदिर के यहाँ हरिहर मिलन हुआ पुनः शिवालय पहुंच कर महाआरती के पश्चात महाप्रशादी का वितरण किया गया शाही सवारी मै शिव अघोरी टीम उज्जैन से, शिवपार्वती, बड़े नंदीजी, राधेकृष्णा, सजी धजी बगियों मै एवं काली माता, नंदी जी नृत्य एवं अन्य झाकिया प्रस्तुत रही पुजारी दीपक जोशी ने बताया की प्रतिवर्ष सावन मास मै तीसरे रविवार को पचपहाड़ नगर मै शाही सवारी निकाली जाती है रविवार के दिन स्कूली बच्चों, सरकारी कार्यालयों के अवकाश को देखते हुए यह परम्परा शुरू की गयी शाही सवारी दोपहर 1 बजे महाआरती के पश्चात् शुरू हुई जिसमे डॉ जे. के. अरोड़ा, राजेश नाहर, प्रदीप जैन, गिरीश सोमानी, सुरेश जैन, सुनिश दीक्षित, एवं शिवालय मंदिर के शाही सवारी कार्यकर्त्ता पंडित लक्ष्मीनारायण जी, बने सिंह गुजर ( वीर गुजर समाज अध्यक्ष ),शिवालय पुजारी दीपक जोशी,राहूल भटनागर, रवि बना, चेतन जोशी, हरिओम व्यास, रितिक लक्शकार, रितिक जैन, नीरज बाथरा, धनराज सिह, शुभम बैरागी, कमलेश गुजर, स्वतंत्र पांडे, व अन्य नगर वासी सभी भक्त जन सम्मिलित रहे

## कुचेरा में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। नगर पालिका मंडल कार्यालय में अधिशासी अधिकारी कमलेश फूलफगर ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत की। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र बाज्या, कुचेरा पुलिस थाना परिसर में थाना अधिकारी हबीब खान ने ध्वजारोहण किया। राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी समारोहपूर्वक तिरंगा फहराया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तेजपाल मिर्धा ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। कार्यक्रम का मंच संचालन पुखराज भाटी ने किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। शहर के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्पना चावला इंटरनेशनल स्कूल, नोबल बालिका विद्यालय, राजीव गांधी विद्यालय, मदर वर्ल्ड उच्च माध्यमिक विद्यालय, मदरसा गरीब नवाज स्कूल, कमला देवी सिंघवी कॉलेज एंड स्कूल, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल, मां भारती पब्लिक स्कूल, राज सिटी हॉस्पिटल,राम हॉस्पिटल सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में भी ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शहरवासियों ने देश की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। पूरे शहर में दिनभर स्वतंत्रता दिवस का उत्साह और देशभक्ति का माहौल नजर आया।

## जोतायां के निकट स्कूली बस पलटते से एक दर्जन बच्चे हुए चोटिल, अभिभावकों में मचा हड़कंप

**टांटोटी (हुक्मनामा समाचार)।** जोतायां और भेरूखेड़ा के बीच स्कूली बस पलटते से बस में सवार लगभग एक दर्जन से अधिक बच्चे चोटिल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही अभिभावकों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त शनिवार प्रातः 7 बजे चांदमा में संचालित निजी शिक्षण संस्थान के.आर. पब्लिक स्कूल की बस क्षेत्र के सनोदिया, सांगानेर, जड़ाना, सातोलाव आदि गांवों से बच्चों को लेकर विद्यालय जा रही थी। इसी दौरान जोतायां भेरूखेड़ा के बीच अचानक बस का स्टेयरिंग फैल हो गया। जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जा गिरी। बस में सवार लगभग तीन दर्जन बच्चों में से एक दर्जन बच्चे तथा बस चालक चोटिल हो गए। बस पलटते पर बच्चों में जोरदार चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर बस में से बच्चों को बाहर निकाला। तथा संस्थान संचालक को घटना की जानकारी दी। संस्थान संचालक ने तुरंत मौके पर आकर दुर्घटना में चोटिल बच्चों को टांटोटी के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया तथा उपचार करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को छुट्टी दे दी गई। वहीं अभिभावक अपने अपने बच्चों को घर ले गए। वहीं कुछ बच्चों के सिर, आंख और कंधे की चोटों से घायल होने पर उनकी जांच व इलाज के लिए केकड़ी जिला अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार सभी बच्चे स्वस्थ हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की गति धीमी होने से खाई में पलटी खाते ही बच्चे एक दूसरे पर गिर गए। तथा गाड़ी के सीसे टूटने और सीटों की लगने से बच्चों को चोटें आई थीं। बच्चों के परिजनों और अभिभावकों ने दुर्घटना का कारण स्कूली बस पुरानी और अनफिट होना मानते हुए रोश व्यक्त किया है। साथ ही ग्रामीणों ने आए दिन स्कूली बसों से होने ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा उन पर उचित कार्यवाही करने की मांग



की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को समय-समय पर सभी स्कूली बसों की जांच कर अनफिट और कंडम बाल वाहिनी पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। इस संस्थान संचालक प्रकाश ने ऐसे वाहनों की जगह अन्य बाल वाहिनी लगाने का आश्वासन दिया तथा दुर्घटना पर खेद व्यक्त किया। इस दौरान दुर्घटना स्थल पर जोतायां, भेरूखेड़ा सहित क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीण और अभिभावक मौजूद रहे।

## वन स्टेट, वन इलेक्शन' लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा राजस्थानः मंत्री अविनाश गहलोत

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने निकाय एवं पंचायती राज चुनावों तथा 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' को लेकर बड़ा बयान दिया है। पत्रकारों से बातचीत



करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।मंत्री गहलोत ने दावा किया कि 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की अवधारणा को लागू करने वाला राजस्थान पूरे देश में पहला राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की यह लंबे समय से मांग थी कि राज्य में अलग-अलग समय चुनाव होने के बजाय एक ही समय में स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनाव कराए जाएं, जो सपना अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा है।मंत्री ने कहा चाहे जिला परिषद हो, सरपंचों के चुनाव हों, या निकाय प्रमुखों के; चुनाव आयोग और राज्य सरकार पूरी तरह तैयार हैं। राजस्थान 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' को धरातल पर उतारने वाला पहला प्रदेश बनेगा।मंत्री ने स्पष्ट किया कि पिछड़ा वर्ग आयोग के माध्यम से आरक्षण की जो व्यवस्था तय की गई थी, उसे लागू कर दिया गया है और उसी आधार पर चुनाव कराए जा रहे हैं। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले कुछ ही दिनों में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी।सरकार के प्रदर्शन पर बात करते हुए मंत्री गहलोत ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं, उनके आधार पर सत्ता और संगठन मिलकर चुनाव में उतरेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भारतीय जनता पार्टी निकाय प्रमुख, जिला प्रमुख और पंचायत प्रमुख के पदों पर ऐतिहासिक प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी।

## आदर्श सरस्वती सेवा समिति के तत्वावधान में निःशुल्क नैत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** आदर्श सरस्वती सेवा समिति के आर्थिक सौजन्य व शंकरा आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से दोजराज गणेश मंदिर रोड़ स्थित स्थानीय अग्रसेन भवन में लगातार 49वें निःशुल्क मोतियाबिंद व नैत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। समिति मीडिया प्रभारी लोकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 85 नैत्र मरीजों की आंखों की जाँच कर 33 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया जिसका सोमवार को जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल में डॉ. अक्षिता द्वारा लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। समिति अध्यक्ष नितेश बाजारी ने बताया कि सभी मरीजों का आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन किया जाएगा। रोगियों को चश्मा, भोजन एवं रहने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। बाजारी ने बताया कि समिति द्वारा 20 सितम्बर रविवार को लगातार



50वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंत्री बनवारी मोट ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकार के तहत अनेक कार्य किए जा रहे हैं। समिति के तत्वावधान में कवि सम्मेलन, होली महोत्सव, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, दिव्यांगों को उपकरण, भजन संध्या सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। इस दौरान समिति अध्यक्ष नितेश बाजारी, मंत्री बनवारी मोट, कमल भारुका, अशोक घोड़ावत, लोकेश अग्रवाल, मुकेश लदनियां, देवकीनंदन गिनोडिया, निखिल मित्तल, कैलाश

## पंचायती राज चुनाव से पूर्व सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा से कांग्रेस में शामिल



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बडून्दा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का हाथ थामा। विक्रम चौधरी ने बताया की मैं और मेरे साथ शामिल होने वाले कार्यकर्ता भाजपा सरकार की रीति नीति से त्रस्त हो चुके हैं। हम सब कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, रीति नीति में विश्वास कर एवं बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा से प्रभावित होकर आज कांग्रेस में शामिल हुए हैं। भाजपा पार्टी अब सेठ साहूकारों की पार्टी रह गई है सामान्य कार्यकर्ता की पार्टी में अब कोई हैसियत नहीं है। पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा के साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप हमारे परिवार के नये सदस्य हैं पार्टी और बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा से जो भी आपकी अपेक्षाएं उनको पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे! आप जनता की हर लड़ाई लड़े और हम सब आपके साथ हैं! भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले कार्यकर्ता में विक्रम चौधरी, पृथ्वीराज चौधरी, भोजराज गुर्जर, बिहारी लाल चौधरी, ओमप्रकाश मीणा, मोहनलाल नागर, लोकेंद्र मेघवाल, पृथ्वीराज प्रजापत, रामराज चौधरी, बृजमोहन चौधरी, सुखमल मीणा, उच्छब लाल मीणा, रामस्वरूप मेघवाल, बाबू भाई गफ्फार भाई सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पुलिस का नशे पर बड़ा प्रहार, 37.675 किलो डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** ऑपरेशन नशा मुक्त नागौर के तहत कुचेरा पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 37.675 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त आई-20 कार भी जब्त की गई। कुचेरा थानाधिकारी हबीब खान के नेतृत्व में पुलिस थाना कुचेरा और डीएसटी नागौर की संयुक्त टीम ने 15 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर बुटाटी क्षेत्र में नाकाबंदी/तलाशी की कार्रवाई की। इस दौरान रेण की ओर से




बुटाटी आ रही आई-20 कार पुलिस को देखकर गांव की ओर जाने लगी। पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रुकवाया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 37.675 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी मनीष पुत्र सुभाष, जाति विश्नोई, उम्र 25 वर्ष, निवासी विष्णुनगर, राजोद, थाना कुचेरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ आई-20 कार नंबर ऋछ्व 21 ष्टक्च1503 को भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े नेटवर्क को लेकर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशाराम चौधरी के निर्देश तथा वृताधिकारी मूंडवा धरम पुनियां के निकटतम सुपरविजन में की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

## गांवों का विकास हमारी पहली प्राथमिकताःमहिमा कुमारी

**भेरूंदा (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत गोल और गुढ़ा में विकास कार्यों की श्रृंखला के तहत विभिन्न नवनिर्मित भवनों का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजसमंद सांसद महिमा कुमारी एवं स्थानीय विधायक अजय सिंह किलक ने फीता काटकर भवनों का उद्घाटन किया। समारोह के दौरान ग्राम गोल में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही ग्राम गुढ़ा में सांसद कोष से निर्मित सामुदायिक भवन तथा विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन का फीता काटकर ग्रामीण जनता को समर्पित किया गया।

**स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर कांग्रेसजनों ने उत्साह एवं देशभक्ति के साथ मनाया राष्ट्रीय पर्व**

# आंजना ने कांग्रेस कार्यालय पर किया ध्वजारोहण, बोलेकृदेश की एकता, अखंडता और गंगा-जमुनी तहजीब की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को निंबाहेड़ा के पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय पर देशभक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना ने प्रातः 9रू30 बजे क्षेत्र के कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फ्हराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण से पूर्व पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने महात्मा गांधी सहित देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 'देश की एकता और अखंडता बनाए रखना हम सभी का दायित्व - आंजना' इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए उदयलाल आंजना ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। आजादी हमें लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद मिली है, इसलिए इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है। राष्ट्रगान के साथ गूंजा देशभक्ति का माहौल' ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने सम्मानपूर्वक खड़े होकर राष्ट्रगान ॐजन गण मन3ॐ का सामूहिक रूप से गायन किया। राष्ट्रगान के दौरान सभी उपस्थितजन सावधान मुद्रा में खड़े रहे। राष्ट्रगान के समापन के बाद पूरे कांग्रेस कार्यालय परिसर में ॐभारत माता की जयॐ सहित देशभक्ति के गगनभेदी नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। 'देशभक्ति कविता ने बांधा समां'समारोह के दौरान निंबाहेड़ा रजा एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष फारुख




मोहम्मद ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कविता का भावपूर्ण वाचन किया। उनकी कविता ने उपस्थित कांग्रेसजनों एवं समारोह में मौजूद बालक-बालिकाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। 'बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रहे मौजूद' स्वतंत्रता दिवस समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संपत धाकड़, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल, नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, उपाध्यक्ष परवेज अहमद उर्फशिब्बी एवं अच्छू खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण, कांग्रेस के विभिन्न अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में मीडियाकर्मियों के साथ बड़ी संख्या में बालक बालिकाएँ उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय युवक संघ की साप्ताहिक शाखा उत्साहपूर्वक संपन्न

**'निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** निम्बाहेड़ा के मंडावली स्थित रावला परिसर में रविवार, 16 अगस्त 2026 को क्षत्रिय युवक संघ की साप्ताहिक शाखा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। शाखा का शुभारंभ यज्ञ की आहुतियों, प्रार्थना एवं सहगान के साथ हुआ। इस दौरान



बालू सिंह जगपुरा एवं नरेंद्र सिंह नरधारी ने क्षत्रिय युवक संघ के विचार, उद्देश्य एवं गतिविधियों का परिचय करवाया तथा आगामी शिविर की जानकारी दी। शाखा स्थल पर संघ से निरंतर जुड़ाव के लिए केसरिया पताकाएं एवं संघ साहित्य उपलब्ध करवाया गया। साथ ही मासिक पत्रिका 'संघशक्ति' एवं पाक्षिक पत्र 'पथप्रेरक' के लिए सदस्यों का पंजीयन किया गया। शाखा में मंडावली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। मंडावली से धर्मेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, फ्तह सिंह, सूर्यभान सिंह, योगेंद्र सिंह, हर्षवर्धन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, मणिराज सिंह, राजवर्धन सिंह, जयदीप सिंह, चंद्रभान सिंह, बनवीर सिंह एवं रुद्र प्रताप सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। मातृशक्ति में भानूप्रिया कंवर, मनोहर कंवर, दशरथ कंवर, नरेंद्र कंवर, सुशीला कंवर, ऋतुराज कंवर, तेज कंवर, कृष्णा कंवर, सिपरल कंवर, ललिता कंवर, टीना कंवर एवं सविता कंवर सहित अन्य उपस्थित रहीं।

## राज्यपाल रहे डीडवाना के दौरे पर

# बागड़े ने किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण

**- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलकर अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने का किया आह्वाहन**
**- कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े रविवार को डीडवाना के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान राज्यपाल बागड़े ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और हॉस्पिटल चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण किया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके साथ व्यतीत किये गए समय के अनुभवों को साझा किया।राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संघर्षों से भरा हुआ रहा परंतु उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में रहकर भी अपना पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चुनावी राजनीति से दूर रहकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले व्यक्तित्व थे, उन्होंने गरीब को परमेश्वर माना और अंत्योदय की संकल्पना दी ताकि गरीब कल्याण सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनाने और उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वाहन किया।इस दौरान कार्यक्रम को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत, राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया ने भी संबोधित किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के महत्व से अवगत करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्यपाल बागड़े द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज, मुकेश दाधीच,जिलाध्यक्ष सुनीता रांदड, जितेंद्र सिंह जोधा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

**राज्यपाल ने की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**- इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।समीक्षा बैठक में राज्यपाल बागड़े ने नशा मुक्त भारत अभियान की प्रगति, मादक पदार्थों की तस्करी एवं दुरुपयोग पर रोक, अंतर-एजेंसी समन्वय, उपचार-पुनर्वास एवं जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई।

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए भावी कार्ययोजना और रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय 'टी.बी. मुक्त भारत अभियान' की प्रगति, स्क्रीनिंग शिविरों, निक्षय पोषण योजना एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। माननीय राज्यपाल ने जिले के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 12 हेतु वर्गवार (स्ष्ट, स्झ, ह्क्ष्ट एवं सामान्य वर्ग) तथा लिंगानुसार नामांकन, उत्तीर्ण स्थिति, ड्रॉप-आउट दर एवं सुधारात्मक प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की । साथ ही उन्होंने वर्ष 2026 की ह्श्वश्वज्ञ एवं छ्वश्वश्व प्रतियोगी परीक्षाओं में जिले में वर्गवार (स्ष्ट, स्झ, ह्क्ष्ट एवं सामान्य वर्ग) तथा लिंगानुसार नामांकन एवं चयनित विद्यार्थियों की स्थिति का विश्लेषण किया और संबंधित अधिकारियों कोआवश्यक सुधार के उपाय करने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल ने जिले के नीट एवं जेईई में चयनित छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की। बैठक में जिला कलक्टर अवधेश मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान, अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**राज्यपाल बागड़े ने किया राजकीय खेल स्टेडियम में पौधरोपण**-इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजकीय खेल स्टेडियम में पौधरोपण किया और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया

## संसद से सड़क तक लड़ेंगे न्याय की लड़ाई-सांसद रामजी गौतम

# बसपा के केंद्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद इंजी. रामजी गौतम का किया अभिनंदन



**भेरूंदा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में दलित समाज के खिलाफ लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और उत्पीड़न को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी के केंद्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद इंजी. रामजी गौतम के नेतृत्व में बसपा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ग्राम रघुनाथपुरा पहुंचे। जहाँ रक्तकोष फाउंडेशन के जिला संयोजक महेश काला की अगुवाई में ग्रामीणों ने साफा एवं माला पहनाकर बाबा साहेब की तस्वीर भेंट की। इस मौके पर सांसद रामजी गौतम ने कहा कि प्रदेश में दलित समाज पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। डांगावास की घटना केवल एक परिवार पर हमला नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज के आत्मसम्मान पर चोट है। हमने राज्यसभा में भी इस मुद्दे को उठाया है और जब तक पीड़ितों को पूरी तरह न्याय, कड़ी कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा नहीं मिल जाती, बसपा संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रशासन को निष्पक्ष कार्रवाई करनी होगी, पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद रामजी गौतम ने राज्यसभा बहुचर्चित डांगावास मामला उठाया था। इस दौरे के दौरान बसपा नेताओं ने कहा कि दलितों के खिलाफ हो रहे अपराधों पर यदि तुरंत कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी पूरे राज्य में उग्र आंदोलन करेगी। शिष्टमंडल में बसपा के केंद्रीय प्रभारी (राजस्थान) एड. सुरेश राव, प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह, प्रदेश प्रभारी भगवान सिंह बाबा, एड. प्रेम बारूपाल, एड. सीता राम सीला, एड. हरी सिंह तेनगुरिया, जगन सिंह जाटव, पूर्व विधायक सुरेश मीणा, लोकसभा जोन प्रभारी हनुमान सहाय जगरवाल, पुखराज मेघवाल, संत कुमार मेहरड़ा, डॉ. बाबू लाल गेवा, तथा प्रदेश सचिव शंकर जारोड़ा, ओम प्रकाश खेजड़ा और बंसीधर भीमसरिया शामिल रहे। अभिनंदन के दौरान मोहनराम, रामावतार मेघवाल, ओमप्रकाश काला, रामनिवास काला, सुरेश काला, पोकर राम, बाबूलाल, राकेश काला, बोदू रोलन, तारु सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा जिला कार्यालय पर गरिमामय माहौल में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण देशभक्ति, उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने भारत माता और अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके तत्पश्चात उन्होंने ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान पूरा कार्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा।

ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने सभी देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों और वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने का है, जिनकी बदौलत आज हम आज़ाद हवा में सांस ले रहे हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर आरसेटी कोटा में देशभक्ति का उल्लास

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रमुख गौरव त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला परियोजना अधिकारी, राजीविका अर्चना मौर्य रहीं। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया गया। **प्रशिक्षणार्थियों ने दी देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां**- आरसेटी के प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें कौशल के माध्यम से स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर, आरसेटी निदेशक हनुमान बैरवा सहित बैंक अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय एवं आरसेटी के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## ब्रेक फेल बस ने जायरीनों को रौंदा, 4 की मौत; मुआवजे के आश्वासन के बाद सुलझा गतिरोध



**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** झालावाड़ जिले के सारोला थाना क्षेत्र में स्थित पातला पीर दरगाह इलाके में जियारत के लिए आए श्रद्धालुओं (जायरीनों) के साथ एक भीषण सड़क हादसा घटित हो गया। कोटा जिले के कैथून क्षेत्र से श्रद्धालुओं को लेकर आई एक निजी बस का अचानक ब्रेक फेल हो गया, जिससे बेकाबू हुई बस ने सड़क किनारे खड़े करीब 10 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सारोला थाना पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में कुल चार जायरीनों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों में से दो गंभीर रूप से घायलों का झालावाड़ जिला अस्पताल के आईसीयू में इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय पोरवाल और सीएमएचओ डॉ. साजिद खान समेत वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। मुआवजे की मांग को लेकर सुबह से बना रहा गतिरोध- हादसे के बाद अगले दिन सुबह झालावाड़ जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के उपरांत मृतकों के परिजनों और कांग्रेस नेताओं ने शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि चारों मृतक युवक गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते थे और अपने घर में अकेले कमाने वाले थे। उनके छोटे बच्चों और पत्नियों के भरण-पोषण के लिए सरकार तुरंत उचित मुआवजा राशि की घोषणा करे।

## जिलेभर में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

# किसानों को रात के अंधेरे से मिलेगी मुक्ति, दिन में मिलेगी सिंचाई के लिए बिजली : हीरालाल नागर



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** 80वां स्वतंत्रता दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री ग हीरालाल नागर ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद ऊर्जा राज्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

मार्च पास्ट में आरएसी, पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड ने भागीदारी की। समारोह में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए राज्यमंत्री ने 55 प्रतिभाओं एवं संस्थानों को सम्मानित किया। स्वतंत्रता समारोह को सम्बोधित करते हुए ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश तेजी से 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर अग्रसर है। इसी तर्ज पर, मुख्यमंत्री ग भजनलाल शर्मा के ऊर्जावान और दूरदर्शी नेतृत्व में राजस्थान को एक विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम ऊर्जा राज्यमंत्री ने प्रदेश के बिजली क्षेत्र में हो रहे सुधारों पर विशेष जोर दिया। राज्य सरकार बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है। किसानों को अब अपनी फसल की सिंचाई के लिए रात के अंधेरे में खेतों में जाने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। वर्तमान में प्रदेश के 26 जिलों के किसानों को दिन में दो ब्लॉक में सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। आने वाले समय में संपूर्ण प्रदेश के किसानों को दिन में निर्बाध व विश्वसनीय बिजली देने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। समारोह के दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री ग हीरालाल नागर ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की झोली में स्वर्ण पदक डालने वाली गोविन्दपुर बावड़ी की होनहार बेटी और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने इस उपलब्धि को पूरे जिले और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में सुबह 9 बजे से आरंभ हुआ। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर एच.डी.सिंह ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। स्कूली छात्र छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम का प्रदर्शन किया। समारोह में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विकास नगर की बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा भी देखने को मिली। इस अवसर पर महारानी स्कूल की छात्राओं ने दांडी मार्च पर आधारित नाटक का शानदार मंचन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं के इस प्रदर्शन ने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष को जीवंत कर दिया। इससे पूर्व जिला कलक्टर निवास एवं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने ध्वजारोहण किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर निवास पर अतिरिक्त जिला कलक्टर एच.डी.सिंह ने ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न संस्थानों में भी ध्वजारोहण के कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में विधायक हरिमोहन शर्मा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, उप वन संरक्षक ए.एन.गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह चम्पावत, नुपुर मालव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन लोकेश विशिष्ठ ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर गुडडी ताडा उपखंड स्तरीय सम्मान से सम्मानित



**खींवसर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को खींवसर विधानसभा क्षेत्र में पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर गुडडी ताडा को उपखंड स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में उन्हें पत्रकारिता के माध्यम से क्षेत्र की जनसमस्याओं, सामाजिक सरोकारों एवं स्थानीय गतिविधियों को प्रमुखता से उठाने तथा आमजन की आवाज को प्रभावी ढंग से सामने रखने के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर क्षेत्र के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने गुडडी ताडा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## भूरा गणेश मंदिर प्रांगण में गणेश महोत्सव समिति ने फहराया तिरंगा, धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गणेश महोत्सव समिति की ओर से भूरा गणेश मंदिर प्रांगण में महोत्सव समिति अध्यक्ष पूर्व सभापति महावीर मोदी की अगवाई में एक भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभक्ति के जयकारों और भारत माता की जय के नारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में विधायक हरिमोहन शर्मा , गणेश महोत्सव समिति संरक्षक मोहन नुवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य भरत शर्मा ,शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, अभिभाषक परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह गोड़ , जसविंदर सिंह अतिथियो द्वारा ध्वजारोहण किया गया । ध्वजारोहण के बाद सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ राष्ट्रगान गाया और तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत मंदिर प्रांगण में भक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें गणेश जी की वंदना के साथ-साथ देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी गई। समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और समाज में एकता व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से उपस्थित सभी श्रद्धालुओं, बच्चों और नागरिकों को मिष्ठान एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

## शिवाय जिम में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कुचामन सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिवाय जिम में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिम संचालक राजेंद्र सारण एवं युवाओं ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस दौरान युवाओं ने देशभक्ति के नारों के साथ भारत माता के जयकारे लगाए। जिम में मौजूद सदस्यों ने तिरंगे के सम्मान में कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वस्थ, मजबूत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया इस अवसर पर नरेंद्र पारीक, शेर सिंह रावा, श्याम प्रताप सिंह रूपुपरा, राघवेंद्र सिंह रूपुपरा, अमित उपाध्याय, मनोज राजोरिया, ऋषभ माथुर, राकेश कुमावत, गोरधन गोयल, गजेंद्र कुमावत साहित कई युवा मौजूद रहे।

## पीसांगन उपखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** पीसांगन उपखंड मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मोहन चौधरी ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। चौधरी ने परेड का निरीक्षण किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अनुशासित मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया और 'भारत का संविधान' विषय पर नाटिका का मंचन किया। छात्रों ने पीटी और योग प्रदर्शन के दौरान तिरंगे के आकार बनाए। समारोह में उपखंड प्रशासन ने शिक्षा, खेल, समाजसेवा और राजकीय सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ओडिशा में नेशनल स्कूल गेम्स में रग्बी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुकेश राम गुर्जर और शुभम सिंह राठौड़ को सम्मानित किया गया। बोर्ड टॉपर गोपेश इनाणी, मोहिता सोनी, साहिल खान, उर्मिला चौधरी और भावना जाजड़ा को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट शिक्षकों में रेखा कुमारी, सुमित्रा चौहान, प्रहलाद सिंह और मुकेश कुमार मीणा शामिल थे। भामाशाह आलोक शर्मा और ओमप्रकाश राकावत को भी सम्मानित किया गया।

## 'स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों ने दी देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां



**थांवला (हुक्मनामा समाचार)।** थांवला कस्बे के विभिन्न विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। बाईपास के पास स्थित किड्स कॉर्नर चिल्ड्रन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल,ऑल रोयल चिल्ड्रन चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल, मंगलम स्कूल एवं कॉलेज, राजकीय विद्यालय, रघुकुल, बालोत्थान सहित कई निजी विद्यालयों में व आस पास के गांवों में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इस दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रगान और देशभक्ति के नारों से गूंज उठे। किड्स कॉर्नर चिल्ड्रन एकेडमी में ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। संचालक रामेश्वर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए तथा देश की प्रगति में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।